अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605





# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

**गाँव से गवर्नेन्स तक**

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 14 अंक 249 लखनऊ, शुक्रवार, 28 मार्च 2025 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### मुठभेड़ में 3 आतंकवादी ढेर, डीएसपी समेत 5 पुलिसकर्मी घायल

कठुआ। कठुआ जिले के अधीन पड़ती जुथाना पंचायत के सुफैन गांव के जंगलों में दिन भर चली मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए और एक डीएसपी (एसडीपीओ बॉर्डर) समेत पांच पुलिसकर्मी गोली लगने से घायल हो गए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह भीषण मुठभेड़ वीरवार को तब हुई जब जम्मू-कश्मीर पुलिस की एसओजी टीम ने सुफैन के जंगल क्षेत्र से भागने की कोशिश कर रहे आतंकवादियों को चुनौती दी और उन पर भारी गोलीबारी की गई। भारतीय सेना, अर्धसैनिक बल और स्थानीय पुलिस दल समेत अन्य सुरक्षा बल भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने आतंकवादियों को बेअसर करने के लिए क्षेत्र में प्रवेश और निकास के सभी रास्ते बंद कर दिए। सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई इस मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए और एक डीएसपी समेत पांच बहादुर पुलिसकर्मी गोली लगने से घायल हो गए।

### भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सेनाओं में तालमेल जरुरी : सेना प्रमुख

नई दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भविष्य की जरूरतों को देखते हुए सेना में बदलाव के पांच स्तंभों पर जोर दिया है जिसमें प्रौद्योगिकी अवशोषण, संरचनात्मक परिवर्तन, मानव संसाधन विकास और तीनों सेवाओं के बीच सामंजस्य बढ़ाना शामिल है। सेना प्रमुख ने गुरुवार को कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट (सीडीएम), सिकंदराबाद में उच्च रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम के अधिकारियों को समापन भाषण देते हुए भविष्य के लिए तैयार लड़ाकू बल बनने के लिए भारतीय सेना का समग्र रोडमैप रखा।

# देश सेवा सर्वोपरि, ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का करें निर्वहन : योगी

## मुख्यमंत्री योगी ने आयुष और गृह विभाग के 283 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

● नवचयनित अभ्यर्थियों ने अनुभव साझा करते हुए सीएम योगी की पारदर्शी और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया की जमकर सराहना की



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले 8 वर्षों में पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया के जरिए युवाओं को नई पहचान और वैश्विक मंच प्रदान किया गया है। इसी कड़ी में गुरुवार को लखनऊ के लोक भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में सीएम योगी ने आयुष विभाग और गृह विभाग के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) द्वारा चयनित 283 चिकित्सा अधिकारियों और कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान सीएम योगी ने नवचयनित अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की सेवा नारों या भाषणों से नहीं, बल्कि ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से होती है। उन्होंने नवचयनितों से अपील की कि वे पूरी तत्परता और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सके।

इस समारोह में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 283 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इनमें आयुष विभाग के 163 चिकित्सा अधिकारी, 2 रीडर (आयुर्वेद), 19 प्रोफ़ेसर, 3 प्रवक्ता (होम्योपैथी) और गृह विभाग के तहत विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) के 96 कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक शामिल हैं। नियुक्ति पत्र पाकर सभी नवचयनित अभ्यर्थियों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए सीएम योगी की पारदर्शी और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया की जमकर सराहना की। सीएम योगी ने इस अवसर पर यूपीपीएससी और यूपीएसएसएससी को शासन की मंशा के अनुरूप भर्ती प्रक्रिया को ईमानदारी से संपन्न करने के लिए धन्यवाद दिया और सभी नवचयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी।

सीएम योगी ने अपने संबोधन में पिछले 8 वर्षों की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि पिछले 8 वर्षों में हमने प्रदेश में 8.30 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं। अगर यह नियुक्तियां सुचिता और पारदर्शिता के साथ नहीं होतीं, तो ये सभी मामले कोर्ट में लंबित हो जाते और एक भी भर्ती पूरी नहीं हो पाती। उन्होंने कहा कि इन 8 वर्षों में 1,56,000 पुलिसकर्मियों की भर्ती की गई, 60,200 पुलिसकर्मियों की भर्ती प्रक्रिया हाल ही में पूरी हुई है, और साथ ही बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति भी की गई है।

### 2017 से पहले प्रदेश में अराजकता थी, बीमार थी तत्कालीन व्यवस्था : मुख्यमंत्री

सीएम योगी ने 2017 से पहले की प्रदेश की स्थिति और पूर्ववर्ती सरकारों पर हमला बोलते हुए कहा कि 8 वर्ष पहले यूपीपीएससी, यूपीएसएसएससी और पुलिस भर्ती बोर्ड की कार्य पद्धति पर गंभीर सवाल उठते थे। हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक याचिकाएं लंबित रहती थीं। तत्कालीन सरकार और आयोगों की कार्य पद्धति पर माननीय न्यायालय ने भी सवाल खड़े किए थे। उस समय उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य कहा जाता था, लेकिन असल में बीमारू तत्कालीन व्यवस्था थी। अनिर्णय की स्थिति के कारण समाज का हर तबका तबाह था। उन्होंने कहा कि आज सरकार की तत्परता, सुचिता और पारदर्शिता के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश नए भारत का नया उत्तर प्रदेश बनकर उभरा है, जो देश की अर्थव्यवस्था को सपोर्ट करने के लिए तैयार है।

### धार्मिक टूरिज्म से अब हेल्थ टूरिज्म बनेगा उत्तर प्रदेश : योगी

सीएम योगी ने आयुष विभाग में नियुक्त चिकित्सा अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आयुष, आयुर्वेद, होम्योपैथी और अन्य पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियां भारत की प्राचीन विरासत का हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इन पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए अलग मंत्रालय बनाया और आज इसके परिणाम देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना हो चुकी है। वर्तमान में 2,114 आयुर्वेद, 254 यूनानी और 1,585 होम्योपैथी चिकित्सालय संचालित हो रहे हैं। लखनऊ और पीलीभीत में निमार्णाधीन आयुष चिकित्सालयों का कार्य अंतिम चरण में है। 15 जनपदों में 50 सैया वाले इंटीग्रेटेड आयुष हॉस्पिटल शुरू हो चुके हैं, जबकि 3 जनपदों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही 1,034 आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए गए हैं और 225 आयुष चिकित्सालयों में योग व वेलनेस सेंटर शुरू किए गए हैं।

# ट्रम्प के टैरिफ लगाने का होगा नकारात्मक असर: विपक्ष

एजेंसी

नई दिल्ली। विपक्षी सदस्यों विशेषकर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और द्रविड मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के सदस्यों ने वित्त वर्ष 2025-26 के आम बजट की कड़ी आलोचना करते हुये गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि इसमें बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से निपटने के लिए कोई उपाय नहीं किये गये हैं और राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है तथा अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाये जाने को देश की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कांग्रेस सदस्य एवं पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने विनियोग (संख्यांक तीन) विधेयक 2025 और वित्त विधेयक 2025 पर सदन में चर्चा की शुरूआत करते हुये कहा कि बजट करीब आठ सप्ताह पहले पेश किया गया लेकिन इसपर कहीं कोई चर्चा नहीं हो रही है। उन्होंने कहा ह्ल मैं जहां भी जाता हूं, जहां भी बोलता हूं, कोई भी बजट को याद नहीं रखता, कोई भी इस पर चर्चा नहीं करता। उन्होंने मोदी सरकार की राजकोषीय नीति को सराहनायोग्य बताते हुये कहा कि केंद्र सरकार के ऋण को सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में कम करने का इरादा अच्छा है लेकिन जब मई 2014 में इस सरकार ने सत्ता संभाली थी, तो राजकोषीय घाटा 4.5 प्रतिशत था जो 2018-19 में कम होकर 3.4 प्रतिशत पर आ गया लेकिन वित्त वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर फिर से 4.8 प्रतिशत पर पहुंच गया जिससे साफ पता चला है कि सरकार अर्थव्यवस्था का सफलतापूर्वक प्रबंधन नहीं कर पा रही है।

# बांग्लादेश से सटी 450 किमी भारतीय सीमा पर बाड़बंदी का काम लंबित

● ममता सरकार नहीं दे रही जमीन : शाह

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को लोकसभा में पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी की सरकार को बांग्लादेश से सटी 450 किमी भारतीय सीमा पर बाड़बंदी (फेंसिंग) नहीं होने देने के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद बंगाल सरकार भूमि नहीं दे रही है।

गृहमंत्री शाह ने लोकसभा में आप्रवास और विदेशी विधेयक, 2025 पर चर्चा के जवाब में कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर बीएसएफ और सेना पर सवाल उठाया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत की 2216 किलोमीटर सीमा बांग्लादेश से सटी हुई है। उसमें से 1653 किमी बाड़ लग चुकी है। बाड़ के पास वाली सड़क भी बन चुकी है और चौकियां भी बन गई हैं। शेष फेंसिंग की लंबाई 563 किमी है और ये सीमा आज भी खुली हुई है। इसमें 112 किमी सीमा ऐसी है जहां नाले, नदी और पहाड़ियों के कारण फेंसिंग व्यावहारिक नहीं है। वहीं 450 किमी जहां फेंसिंग होता है वो बाकी है और ये इसलिए बाकी है क्योंकि बंगाल सरकार भूमि नहीं देती है, इसके लिए सात मीटिंग हो चुकी है।

अमित शाह ने कहा, ह्ल450 किलोमीटर की बाड़ लगाने का काम लंबित है क्योंकि पश्चिम बंगाल सरकार इसके लिए जमीन नहीं दे रही है। जब भी बाड़ लगाने जाते हैं, तो सत्तारूढ़ पार्टी का कैडर आकर हुड़दंग और धार्मिक नारेबाजी करता है। 450 किलोमीटर की सीमा पर बाड़बंदी का काम रुका हुआ है क्योंकि पश्चिम बंगाल सरकार की दया दृष्टि घुसपैठियों पर है। रोहिंग्या के दिल्ली तक आने के विपक्ष के सवालों पर उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिए और रोहिंग्या पहले असम से आते थे, जब वहां कांग्रेस की सरकार थी।

### लोकसभा में आप्रवासन और विदेशियों से जुड़ा विधेयक पारित

नई दिल्ली। लोकसभा ने गुरुवार को आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक-2025 चर्चा के बाद ध्वनि मत से पारित कर दिया। विधेयक का उद्देश्य देश में आप्रवासन से जुड़े कानूनों को नए सिरे से परिभाषित करना है। विधेयक का उद्देश्य केंद्र सरकार को भारत में प्रवेश करने और भारत से प्रस्थान करने वाले व्यक्तियों के संबंध में पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेजों की आवश्यकता और विदेशों से संबंधित मामलों को विनियमित करने के लिए कुछ शक्तियां प्रदान करना है। विधेयक अधिनियम बनने पर विदेशियों और आप्रवास से संबंधित मामलों के वर्तमान के चार अधिनियमों- विदेशियों विषयक अधिनियम, 1946 और आप्रवास (वाहक दायित्व) अधिनियम-2000, पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम 1920, विदेशियों का पंजीकरण अधिनियम-1939 का स्थान लेगा।

# सवायजपुर में आयोजित रोजगार मेले में 650 को मिला जॉब ऑफर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





सवायजपुर। विधायक श्री माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू द्वारा ग्रेविटी फैसिलिटी कंपनी के सहयोग से आयोजित कराएं गए रोजगार मेले में आज 1150 युवक-युवतियों ने प्रतिभाग किया। जिनमें से 650 लोगों को साक्षात्कार के बाद नौकरी के लिए चुना गया।

उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के सुशासन के 8 वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस वृहद रोजगार मेले के उद्घाटन अवसर पर विधायक श्री रानू ने कहा कि यह शिविर युवाओं की प्रगति की सीढ़ी है। जो आप सभी के सपनों को पूर्ण करते हुए आपको ऊंचाई तक लेकर जायेगी। विधायक प्रतिनिधि डॉ. रजनीश त्रिपाठी ने बताया कि आज के मेले में प्रीत ग्रुप्स के लिए 50 आईटीआई ट्रेड वाले, डिक्सन टेक्नोलॉजीज इंडिया लिमिटेड , हैवेल्स इंडिया लिमिटेड,एलेंटेक इंडिया टेक्नोलॉजीज लिमिटेड और मिकीफोन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के लिए 280 आईटीआई युवक-युवतियों को, भारत की प्रमुख स्नैक्स और मिठाई बनाने वाली कंपनी हल्दीराम स्नैक्स फ़ूड प्राइवेट लिमिटेड के लिए 50, भारत के अग्रणी कृषि समूहों में शामिल दयाल फर्टिलाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए 40 कृषि स्नातकों, 25 फ़ील्ड ऑफिसर, 10 कम्प्यूटर ऑपरेटर, 15 बी.टेक. इंजीनियर पोस्ट के लिए, 50 वेलडर प्रीत ग्रुप्स के लिए, 20 सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड पद पर 50 लोगों सहित अन्य पदों के लिए युवाओं का चयन किया गया। इस मेले में ग्रेविटी ग्रुप के एमडी जी.एस. खान, डॉ. प्रीति राजपूत, कर्नल नसीर हुसैन, मजहर अली, संतोष पाण्डेय, प्रतीक सिंह, साजिद शाह ने प्रतिभागियों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया।

# उप्र के गाजियाबाद, बुलंदशहर, मेरठ, मुजफ्फरनगर व हापुड़ में विकसित होंगी पर्यटक सुविधाएं

● राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड ने मंजूर किए 85 करोड़

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अयोध्या, काशी, मथुरा ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) अंतर्गत आने वाले अन्य पर्यटन स्थल भी शीघ्र ही पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेंगे। केंद्र सरकार ने इसके लिए बड़ी तैयारी की है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड ने इसके लिए 85 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं।

गाजियाबाद, बुलंदशहर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, हापुड़ आदि जिलों के महत्वपूर्ण धार्मिक-आध्यात्मिक, ऐतिहासिक सहित अन्य स्थलों पर पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन में देश में पहले स्थान पर है। विदेशी पर्यटन में भी यह उपलब्धि हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री ने जापान कॉर्पोरेट कार्यकारी संघ से की मुलाकात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने आवास पर पर केइज़ाई दोयुकाई (जापान कॉर्पोरेट कार्यकारी संघ) के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केइज़ाई दोयुकाई के अध्यक्ष ताकेशी निनामी और 20 अन्य व्यापारिक प्रतिनिधियों ने किया। इस प्रतिनिधिमंडल ने भारत और जापान के बीच आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के लिए उनके विचार सुने। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, इसमें द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने, निवेश के अवसरों को बढ़ाने और कृषि, समुद्री उत्पाद, अंतरिक्ष, रक्षा, बीमा, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे, नागरिक उड्डयन, स्वच्छ ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा और एमएसएमई साझेदारी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी पर प्रकाश डाला और व्यापार के अनुकूल माहौल प्रदान करने के भारत के दृढ़ संकल्प की पुष्टि की।

# सनकी पिता ने चार मासूम बच्चों की गला रेतकर की हत्या

ललित तिवारी





शाहजहांपुर। सदर तहसील अन्तर्गत एक गांव में दिल दहलाने वाली घटना घटित हुई जहां एक सनकी पिता ने अपने ही चार मासूम बच्चों की गला रेतकर हत्या कर दी।हत्या करने के बाद चीखते चिल्लाते हुए खुद भी फांसी के फंदे पर लटक गया।शोर शराबा सुनकर पड़ोसी किसी अनहोनी की आशंका के चलते छत पर गए तो उसके घर के अंदर का नजारा देखकर सन्न रह गए।दो चारपाइयों पर खून से लथपथ उसके ही चार बच्चों के शव पड़े थे,पास में ही पंखे के कुंडे से सनकी पिता का शव लटका हुआ था।घबराए पड़ोसियों ने फोनकर पीआरबी पुलिस तथा रोजा थाना पुलिस को सूचना दी।एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत की जानकारी पाकर स्थानीय पुलिस के साथ ही सीओ सदर,एसपी सिटी के साथ ही पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर भी मौके पर पहुंच गए।घर के अंदर से बंद दरवाजे की कुंडी तोड़कर घर में घुसी पुलिस की रूह भी कांप गई।दो चारपाइयों पर चार बच्चों के शव पड़े थे।पूरे बरामदे की जमीन पर खून ही खून नजर आ रहा था।वहीं पर छत में लगे पंखे के कुंडे से सनकी पिता का शव लटका हुआ था।पुलिस ने कुछ पड़ोसियों की मदद से सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने को भेजा।इसी बीच मौके पर पहुंचे एसपी ने पूरे मामले की पड़ताल की,घटना की सूचना पर एडीजी जोन बरेली रमित शर्मा तथा आईजी राकेश कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली।

ये सनसनी खेज वारदात तहसील सदर के थाना रोजा अंतर्गत ग्राम मानपुर गोटियां निवासी राजीव कुमार के घर घटित हुई।बताया जाता है कि लगभग दस माह पूर्व राजीव की बाइक से दुर्घटना हो गई थी।जिसमें सिर में चोट आने से उसका मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता था।इसी वजह से वह अक्सर शराब पीने का आदी हो गया था।दो दिन पूर्व ही वह शराब पीकर घर आया तो उसका पत्नी से विवाद हो गया।विवाद के चलते पत्नी नाराज होकर मायके चली गई।घर पर उसकी तीन पुत्रियां तथा एक पुत्र रह गया था।बुधवार की रात वह शराब के नशे में लड़खड़ाता हुआ अपने घर में गया और अंदर से कुंडी लगा ली।कुछ पड़ोसियों को अर्धरात्रि के बाद उसके घर से बच्चों की चीख पुकार सुनाई दी।सुबह तड़के पड़ोसी दरवाजा खोलने का प्रयास किया लेकिन नहीं खुला तो पड़ोसी छत पर गए।उसकी छत पर जाकर झांककर बरामदे में देखा तो लोगों की रूह कांप गई।दो चारपाइयों पर चार मासूम बच्चों के खून से लथपत शव पड़े थे।पास में ही आरोपी सनकी हत्यारे पिता का शव फांसी पर लटका हुआ था।घबराए पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी।रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार के अलावा सीओ सदर, एसपी सिटी,मौके पर पहुंच गए।थोड़ी ही देर में एसपी अशोक द्विवेदी भी पहुंच गए।मुख्य द्वार की कुंडी तोड़कर घर में दाखिल हुई पुलिस अंदर का दृश्य देख विचलित हो गई।एसपी के आदेश पर पुलिस ने पांचों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### चीखती रही पुत्रियां, मासूम पुत्र का भी रेत दिया गला

शाहजहांपुर। जिस बाप ने अपने ही चार मासूम बच्चों को पाल पोषकर बड़ा किया उन्हीं के गर्दन पर बांके से प्रहार करते वक्त कालूगी सनकी बाप के हांथ नहीं कांपे ,ये बातें मौके पर खड़े हजारों लोगों के जेहन में कौंध रहा था।पड़ोसी बीरपाल,शुभम,भवरपाल, रोहताश,अखिलेश,रामवीर,सुखदेव,बबलू,जगपाल,नेत्रपाल आदि ने रुंधे गले से बताया कि राजीव की तीनों पुत्रियां जिनमें स्मृति 12 वर्ष,प्रीति 9 वर्ष,प्रवृति सात वर्ष तथा अकेला पुत्र ऋषभ 6 वर्ष बहुत सीधे साढ़े थे। बच्चियां गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में पढ़ती थीं।लोगों की समझ नहीं आ रहा था कि नशे में होने के बावजूद इस तरह से अपने ही मासूम बच्चों की भला हत्या कैसे कर सकता है।

### वरिष्ठ अधिकारियों की आंखों में आ गए आंसू, गांव में छाया मातमी सन्नाटा

रोजा थाना छेत्र में चार बच्चों की गला रेतकर हत्या करने के बाद खुद भी सनकी पिता द्वारा फांसी पर लटक कर जान देने के मामले की जानकारी पाकर एडीजी जोन बरेली रमित शर्मा,आई जी राकेश कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे।उस बरामदे तक गए जहां इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया गया।तीन मासूम बच्चियों तथा मासूम पुत्र की मौत पर क्या ग्रामीण,क्या अधिकारी यहां तक कि एडीजी और आईजी की आंखे भी भर आईं।अधिकारी बार बार रुमाल से अपनी आँखें पोंछ रहे थे।पूरे मामले की पड़ताल के बाद अधिकारियों ने ग्रामीणों से बारीकी से पूरे घटनाक्रम की जानकारी हासिल की।

# सीएम योगी के नेतृत्व में संकल्प परियोजना ने यूपी में भरी उड़ान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- संकल्प परियोजना से 63,000 छात्रों को मिला कौशल प्रशिक्षण



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले 8 वर्षों में प्रदेश में युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। इस दौरान संकल्प परियोजना (आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता) ने युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें रोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत सरकार और विश्व बैंक के वित्तीय सहयोग से संचालित इस परियोजना ने प्रदेश में न केवल कौशल प्रशिक्षण को आधुनिक और समावेशी बनाया, बल्कि समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़कर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

संकल्प परियोजना ने योगी सरकार के 8 वर्षों में युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन को नई दिशा दी है। यह परियोजना न केवल युवाओं को रोजगार के लिए तैयार कर रही है, बल्कि वंचित समुदायों को सशक्त बनाकर सामाजिक समावेशन को बढ़ावा दे रही है। डिजिटल शिक्षा, औपचारिक शिक्षा से तालमेल, और आधुनिक तकनीक पर जोर देकर संकल्प परियोजना ने उत्तर प्रदेश को कौशल विकास के क्षेत्र में अग्रणी बनाया है। संकल्प परियोजना के क्रियान्वयन से स्किल ईको सिस्टम में आया क्रांतिकारी बदलावप्रदेश के स्किल ईको सिस्टम में गुणात्मक सुधार लाने और युवाओं को रोजगार के लिए सक्षम बनाने के लिए संकल्प परियोजना के तहत वर्ष 2019-20 में भारत सरकार से 74.48 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट स्वीकृत कराया गया। इसके लिए कई नवाचारी और संस्थागत हस्तक्षेप किए गए, जिसमें जिला कौशल विकास योजना (डीएसडीपी) की तैयारी, क्षेत्रीय स्तर पर कौशल प्रशिक्षण की आवश्यकताओं और रोजगार संभावनाओं के आधार पर प्रशिक्षण योजनाओं का संचालन, कौशल प्रतियोगिताओं और रोजगार मेलों का आयोजन को प्रमुख रूप से शामिल किया गया है। पहली बार जिला कौशल समिति के माध्यम से डीएसडीपी का निर्माण कराया गया, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी करते हैं। वर्ष 2021-22 में डीएसडीपी की सिफारिशों के आधार पर लक्ष्य आवंटन सुनिश्चित किया गया, जिससे क्षेत्रीय सहभागिता के साथ कौशल प्रशिक्षण को अधिक व्यावहारिक बनाया गया है। महिलाओं का किया गया सशक्तीकरणउत्तर प्रदेश में संकल्प परियोजना द्वारा युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए इन्टरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के माध्यम से अभिमुखीकरण कार्यक्रम संचालित किए गए। इसके तहत जनपद गोरखपुर में 1,475 युवा उद्यमियों और उत्साही युवाओं को लाभान्वित किया गया। स्वरोजगार की संकल्पना को साकार करने के लिए आरडीटी मॉडल के आधार पर अनुसूचित जाति/जनजाति की 660 महिलाओं को मीडिया एंड एंटरटेनमेंट सेक्टर में प्रशिक्षण दिया गया। इन प्रयासों ने न केवल युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया, बल्कि वंचित समुदायों की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर उनके जीवन में नई उम्मीद जगाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस पहल को युवा शक्ति के सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम बताते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य हर युवा को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे न केवल नौकरी पाएं, बल्कि नौकरी देने वाले भी बनें। औपचारिक शिक्षा से जोड़ा गया कौशल प्रशिक्षणयोगी सरकार ने संकल्प परियोजना के जरिए कौशल प्रशिक्षण को डिजिटल और औपचारिक शिक्षा से जोड़ने में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। प्रदेश के युवाओं को किसी भी समय और स्थान से निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण की सुविधा देने के लिए एनसीवीईटी द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रमों के डिजिटल संस्करण लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पढ़ने वाले 63,000 छात्र-छात्राओं को उनके नियमित पाठ्यक्रम के साथ निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया गया। संकल्प परियोजना ने समाज के उपेक्षित वर्गों को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया। महिला संरक्षण गृह की संवासिनियों, किशोर सुधार गृह के किशोरों और कारागार बंदियों को आजीविका के लिए सक्षम बनाने के लिए 2,958 व्यक्तियों को कौशल प्रशिक्षण दिया गया। दिव्यांगजनों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए गए, जिसमें 2,200 दिव्यांगजनों को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा गया। इसके साथ ही, 10,000 महिला प्रशिक्षणार्थियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण और निर्भया किट प्रदान की गई। प्रशिक्षणार्थियों को उनकी रुचि और क्षमता के अनुरूप कैरियर चुनने में मदद के लिए कैरियर काउंसलिंग एजेंसी के माध्यम से 1,00,000 प्रशिक्षणार्थियों को लाभान्वित किया गया। इन प्रयासों ने वंचित समुदायों को मुख्यधारा से जोड़कर उनके जीवन में सम्मानजनक बदलाव लाया।

## पीडब्ल्यूडी इंजीनियर का शव इंदिरा डैम में मिला

लखनऊ। राजधानी लखनऊ से लापता पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर का शव इंदिरा डैम में मिला है। मंगलवार को वह घर से बिना कुछ बताए निकले थे। दोनों मोबाइल घर पर ही छोड़ दिए थे। देर रात स्कूटी इंदिरा डैम के पास मिली थी। इसके बाद से एसडीआरएफ की टीम तलाश कर रही थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। विवेक कुमार सोनी मनकापुर गोंडा के रहने वाले थे। वह पीडब्ल्यूडी में जूनियर इंजीनियर थे। लखनऊ में आशियाना इलाके में गर्वमेंट क्वार्टर में पत्नी सीमा और बेटे के साथ रहते थे। पत्नी बाराबंकी में टीचर है। सीमा ने बताया मंगलवार सुबह 10 बजे वह घर से निकले थे। देर रात तक वापस नहीं लौटे को परिवार को जानकारी दी। इसके बाद थाने जाकर गुमशुदगी दर्ज कराई। रात एक बजे स्कूटी इंदिरा डैम के पास खड़ी होने की सूचना मिली। बुधवार को पूरा दिन एसडीआरएफ की टीम इंदिरा डैम में तलाशती रही। रेस्क्यू के दौरान डैम में इंजीनियर विवेक नहीं मिले। एसडीआरएफ की टीम ने जाल लगाया था।

## ग्वाल के बेटे को गोबर से दुर्गंध आने लगे तो अकाल तय: केशव प्रसाद मौर्य

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बयान का पलटवार करते हुए कहा कि ग्वाल के बेटे को गोबर से दुर्गंध आने लगे तो अकाल तय है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा बहादुर अखिलेश यादव की यही समस्यावादी सोच इन्हें समाप्तवादी पार्टी बनायेगी। उप मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि किसान, ख़ासकर ग्वाल के बेटे को अगर गाय के गोबर से दुर्गंध आने लगे तो समझना चाहिए कि वह अपनी जड़ों और समाज से पूरी तरह कट चुका है। कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद ने लिखा था कि किसान के बेटे को अगर गोबर से दुर्गंध आने लगे तो अकाल तय है। सपा बहादुर अखिलेश यादव को भी गोबर से दुर्गंध आ रही है, उनकी पार्टी का समाप्त वादी में तब्दील होना तय है। केशव प्रसाद मौर्य ने आगे लिखा कि तुष्टिकरण और मुग़लिया सोच में आकंठ डूबा विपक्ष, एकलिंग महादेव के उपासक 'राष्ट्र-गौरव' महाराणा प्रताप के पूर्वजों ख़ासकर 'राणा सांगा' का अपमान कर केवल इतिहास ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की अस्मिता पर भी गहरा आघात कर रहा है। उनके इस अपराध को देश क़तई माफ़ नहीं करेगा। समाजवादी पार्टी की एक ही पहचान - केवल उनके यादव परिवार का हो सम्मान! यही उनका इतिहास रहा है, यही वर्तमान है और यही भविष्य भी। समाजवादी पार्टी एक 'समस्यावादी पार्टी' है। उप मुख्यमंत्री ने लिखा कि औरंगज़ेब महान, राणा सांगा का अपमान ऽ सपा का दोहरा ज्ञान।अखिलेश यादव जब आपके विधायक अबू आज़मी औरंगज़ेब को महान बता रहे थे, तब आप चुप थे, बल्कि उनका समर्थन कर रहे थे। जब आपके सांसद रामजी लाल सुमन ने राणा सांगा का अपमान किया, तब भी आप उनके बचाव में खड़े थे। अब अचानक वीरों का सम्मान याद आ गया? यह 'पलटीमार सम्मान' नहीं चलेगा। सपा की नीति साफ़ है, वोटबैंक के हिसाब से इतिहास भी बदलो, बयान भी बदलो।

## अपार्टमेंट की पार्किंग में लगी आग, 7 टू व्हीलर और 4 कारें जली

लखनऊ। राजधानी के हजरतगंज कोतवाली अंतर्गत लालबाग के सिल्वर ऑफ अपार्टमेंट की पार्किंग में गुरुवार सुबह करीब पांच बजे आग लग गई। चंद मिनट में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे अपार्टमेंट में धुआं भर गया। आग में जद में आने से सात दोपहिया और चार कारें जलकर नष्ट हो गई। वहीं, अपार्टमेंट के चौथे फ्लोर पर फ्लैट नंबर 403 में धुएं के बीच बुजुर्ग महिला समेत छह लोग फंस गए। जिन्हें पुलिस की मदद से दमकलकर्मियों ने सुरक्षित बाहर निकाला। हालांकि, घंटे भर की कशमकश के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। हजरतगंज एफएसओ रामकुमार रावत के मुताबिक, लालबाग के 10 जीसी बॉस मार्ग पर पांच मंजिला सिल्वर ऑफ अपार्टमेंट है। गुरुवार सुबह करीब 5.16 बजे कंट्रोल रूम में अपार्टमेंट की पार्किंग में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद हजरतगंज फायर स्टेशन से दो दमकल की गाड़ियां घटनास्थल पर रवाना की गई।

## अखिलेश पर हावी हो चुकी मुगलिया सोच, कर रहे सनातन का अपमान: भाजपा

- गौशाला पर अखिलेश यादव के बयान से भाजपा नेताओं, संघ व गौभक्तों में नाराजगी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद अखिलेश यादव के गौशाला व दुर्गंध के बयान पर सियासत एक बार फिर गरमा गई है। अखिलेश के बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता, संघ कार्यकर्ता एवं गौभक्तों में खासी नाराजगी है। भाजपा नेताओं ने कहा कि अखिलेश यादव पर मुगलिया सोच हावी हो चुकी है। वह लगातार भारतीय सनातन संस्कृति और मूल्यों का अपमान करते जा रहे हैं। जिन्होंने गौशाला में कदम तक नहीं रखा, वह सुगंध और दुर्गंभ की बात करते हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने गुरुवार को कहा कि इत्र पार्क बनाने के साथ-साथ इत्र का घोटाला भी हो चुका है। गौशाला में आप दुर्गंध और सुगंध क्यों तलाश रहे हो। गौशाला में सनातन की आस्था को तलाश करो। ये गौमाता है और मां पर टिप्पणी नहीं की जाती। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में गौ ?सेवा में लखनऊ विभाग के संयोजक शरद ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव को अपनी पहले की पीढ़ियों से शिक्षा लेनी चाहिए। जिन्होंने गाय माता की जीवनभर सेवा की है। गाय माता के दूध दही का व्यापार किया है। आज भी यदुवंश बड़ी संख्या में दूध दही का व्यापार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गाय माता के घर को हम गौशाला के रूप में जानते हैं। गौशाला में गोबर से दुर्गंध की बात करने वाले यह नहीं जानते है कि आज भी लोगों के घरों में यज्ञ हवन करने से पहले जमीन को गोबर से स्वच्छ करते है। गोबर से दीपक और गणेश लक्ष्मी की मूर्ति बनती है। गौशाला में प्रतिदिन गिरने वाली गौमूत्र की धार से औषधि तक बन रही है। भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि अखिलेश यादव की सरकार में गौकशी केन्द्र खुला करते थे। उन्हें यह सबसे ज्यादा पीड़ा है कि आज गौकशी केन्द्र बंद हो गये है। वहीं प्रदेश में गौशालाएं खुल रही है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश? त्रिपाठी ने कहा कि अखिलेश यादव को स्लॉटर हाउस से खुशबू आती है। अखिलेश राज में बड़े पैमाने पर अवैध स्लॉटर हाउस चलते थे और पशुपालन करने वाली बिरादरी की राजनीति करने वाले अखिलेश यादव के इस बयान को उनका ही समाज स्वीकार नहीं करेगा। अखिलेश यादव की सोच पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि मुगलिया सोच अखिलेश यादव पर इतनी हावी हो चुकी है ।

## यूपी में मुसलमान का हक छीना जा रहा: लोकदल

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह जी ने मुसलमान की सुरक्षा को लेकर अपने बयान में कहा है कि उत्तर प्रदेश में ना तो हिंदू सुरक्षित है और ना ही मुसलमान। मुसलमानों को लेकर जो बयान दिया जा रहा है वो सत्यता से परे है. सुनील सिंह का कहना कि प्रदेश में जितने हिंदू सुरक्षित हैं, उतने ही मुसलमान भाई सुरक्षित हैं ये गलत है जबकि सच्चाई ये हैं कि जबसे उत्तर प्रदेश में बीजेपी की सरकार आई है तब से प्रदेश में न तो हिन्दू सुरक्षित हैं और न ही मुसलमान सुरक्षित हैं। मुसलमान त्योहार नहीं मना पा रहे,सरकार को घेरते हुए कई मुद्दे पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि 8 वर्षों में सरकार ने किसानों की उपलब्धि पर क्या कार्य किया? एक भी उपलब्धि नहीं है? गन्ना किसानों के गन्ने का मूल्य कितना बढ़ा कितना घटा इसको सरकार नहीं बता रही है? बेरोजगारों को कितना रोजगार मिला नहीं बता रही है? महंगाई आसमान पर है इन 8 वर्षों में महंगाई कितनी कम हुई है? उसको सरकार नहीं बता रही है। सरकार का सिर्फ मुख्य विषय है हिंदू मुस्लिम। सिंह ने यह भी आरोप लगाया है कि जनता ने रामपुर, संभल उत्तर प्रदेश में के कई हिस्सों में दंगे देखे हैं यदि आपको मुसलमान की सुरक्षा की बात करनी है तो मुसलमान के बारे में अंदाजा लगाना है तो उनकी बस्तियों में जाए, थाने में जाएं, आपको स्थिति का पता चल जाएगा मुसलमान के ऊपर इस सरकार में फर्जी मुकदमे दिखाए जा रहे हैं पुलिस प्रशासन मुसलमान की सर नेम के ऊपर झूठे मुकदमे कायम कर रही है।

## आश्रय केंद्र के 4 बच्चों की मौत, प्रशासन ने 3 दिन तक छिपाई घटना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। लखनऊ में निर्वाण आश्रय केंद्र में 4 बच्चों की मौत हो गई। इनमें 2 बच्चियां हैं। यहां के 35 बच्चों को उल्टी-दस्त होने पर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। 20 बच्चों की हालत अभी भी गंभीर है। बच्चों के बीमार होने की शुरुआती वजह फूड पॉइजनिंग बताई जा रही है। उनको उल्टियां हो रही हैं, जिसमें 6 इंच तक के कीड़े भी निकले। इन कीड़ों के दिमाग तक पहुंचने का डर है। लोकबंधु अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजीव दीक्षित ने बताया- बच्चों में पानी की कमी थी। सभी में डायरिया के लक्षण मिले हैं। इस घटना का पता चलते ही बुधवार रात 8 बजे डीएम विशाख जी लोकबंधु अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, गुरुवार सुबह 9 बजे कमिश्नर रोशन जैकब, प्रमुख सचिव लीना जौहरी और एक बार फिर डीएम लोकबंधु हॉस्पिटल पहुंचे। बच्चों से बातचीत की। कहा, आश्रय केंद्र के पानी की जांच कराई जाएगी। आश्रय केंद्र, लोकबंधु अस्पताल और जिला प्रशासन ने इस घटना को 3 दिन तक छिपाए रखा। एक के बाद चार मौतें हुईं, लेकिन आलाधिकारियों को गुमराह किया गया। यह मामला तब खुलकर सामने आया, जब केजीएमयू में भर्ती एक बच्चे की मौत हो गई। निर्वाण आश्रय केंद्र पारा इलाके के बुद्धेश्वर में बना है। यह सरकार की मदद से पीपीपी मॉडल पर संचालित होता है। मानसिक कमजोर, अनाथ और लावारिस बच्चों को यहां रखा जाता है। अभी यहां 146 बच्चे हैं। ज्यादातर की उम्र 10 से 18 साल के बीच है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा- अब सभी बच्चों की हालत स्थिर है। कुछ को छुट्टी भी दे दी गई है। हम खुद स्थिति पर नजर रख रहे हैं। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। निर्वाण आश्रय के कर्मचारियों ने बताया कि 23 मार्च की रात खाना खाने के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। 23 मार्च से 26 मार्च के बीच 35 बच्चों को अलग-अलग अस्पताल ले जाया गया। अगले दिन यानी 24 मार्च को लोकबंधु अस्पताल में एक बच्ची दीपा (15) की मौत हो गई। जबकि बलरामपुर अस्पताल में सूरज (12) और ठाकुरगंज अस्पताल में शिवांक (15) की मौत हुई। हैरानी की बात यह है कि 24 मार्च को 3 बच्चों की मौत के बाद भी आश्रय स्थल का प्रशासन पूरी घटना को दबाए रहा। 26 फरवरी की सुबह रेनू (13) की लोकबंधु अस्पताल में मौत हुई। जबकि गोपाल और लकी नाम के दो बच्चों को गंभीर हालत में ज्ञळडन रेफर किया गया। इसके बाद मामला सुर्खियो में आया। ठाकुरगंज टीबी अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया- यहां कुल 6 बच्चे लाए गए थे। सभी की हालत गंभीर थी। पल्स न के बराबर थी। बाद में रिकवर किया गया, फिर आश्रय स्थल की रिक्वेस्ट पर 5 बच्चों को लोकबंधु रेफर किया गया। जबकि एक की मौत हो गई। 4 बच्चों को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां भी एक बच्चे की मौत हुई। 2 बच्चों को डिस्चार्ज कर दिया गया है। जबकि एक अभी एडमिट है।

## दो दिवसीय हिंदू नव वर्ष महोत्सव का 29 मार्च को होने जा रहा भव्य आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर नव वर्ष चेतना समिति तथा भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा दो दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें समारोह को भव्यता देने के लिए तैयारियां चल रही है। नव वर्ष चेतना समिति के अध्यक्ष डॉ गिरीश गुप्ता एवं सचिव डॉ सुनील कुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम की संयुक्त जानकारी देते हुए बताया कि,'बीते 100 वर्षों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अथक परिश्रम, अनुशासन एवं संगठन निर्माण के माध्यम से भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को प्रतिष्ठित किया है। संघ ने भारत की सांस्कृतिक अस्मिता को संपूर्ण ही नहीं बल्कि उसे अधिक सशक्त एवं गतिशील बनाया है। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कला सभागार में संपन्न होगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि आचार्य मिथिलेशनंदिनी शरण (पीठाधीश्वर सिद्ध पीठ श्री हनुमान निवास अयोध्या) और विशिष्ट अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह पहुंचेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित करेंगे। पूरे कार्यक्रम में प्रज्ञा प्रवाह के सदस्य रामाशीष सिंह मुख्य वक्ता होंगे। वही कार्यक्रम में विधायक डॉ राजेश्वर सिंह, विजय कुमार बंधू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहेंगे। वही समापन समारोह में दीपोत्सव कार्यक्रम भी होगा। जिसमें मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति आईएएस डॉ. अनिता भटनागर जैन, उषा गुप्ता ( सेवानिवृत्ति आयकर आयुक्त), ब्रह्माकुमारी राधा बहन, पुष्प लता अग्रवाल, रेखा त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में संघ परिवार के लोग उपस्थित रहेंगे।

## सपा सांसद के घर पर हुए हमले के विरोध में समाजवादी छात्र सभा ने किया प्रदर्शन




राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**लखनऊ।** आगरा में समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन के आवास पर गुरूवार को हुए बवाल का असर आज लखनऊ में देखने को मिला। लखनऊ के हजरतगंज चौराहे पर समाजवादी छात्र सभा के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। इस दौरान सरकार का पुतला भी फूंकने की कोशिश की गई। सपा सदस्यों को काबू में करने के लिए पुलिस को बीच बचाव करने के लिए आगे आना पड़ा। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने संगठन के छात्रों को हिरासत में लेकर ईको गर्डन रवाना किया गया। बता दें कि महाराणा सांगा को लेकर सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने राज्यसभा में विवादित बयान दिया था। जिसका देश और प्रदेश में विरोध किया जा रहा है। इसी कड़ी में करणी सेना के सदस्यों ने बुधवार को उनके घर के सामने पहुंचकर हंगामा करते हुए पथराव किया था। जिसका आज लखनऊ में समाजवादी छात्र सभा के सदस्यों ने विरोध किया।इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी छात्र सभा विनीत कुशवाहा, ईकाई अध्यक्ष प्रिंस कुमार, शिवा जी यादव, अनमोल राय, विक्रम यादव, प्रेम यादव, कांची यादव आदि मौजूद रहे।

# सपा सांसद के आवास पर हमले का पल्लवी पटेल ने किया विरोध

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




लखनऊ। अपना दल (कमेरावादी) की नेता एवं समाजवादी पार्टी (सपा) की विधायक पल्लवी पटेल ने आगरा में सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आवास पर हमले के खिलाफ बृहस्पतिवार को धरना प्रदर्शन किया। पल्लवी पटेल पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ परिवर्तन चौक स्थित डॉक्टर आंबेडकर की प्रतिमा के समीप एकत्रित हुईं और इसके बाद वे सभी विधानसभा की ओर बढ़े। हालांकि, पुलिस ने मेट्रो स्टेशन के पास उन्हें रोक दिया। पुलिस ने कहासुनी के बाद पल्लवी पटेल और करीब 200 कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान संवाददाताओं से बातचीत में पटेल ने कहा, ''दलित सांसद के घर पर हमला लोकतंत्र पर हमला है और यह कानून व्यवस्था बनाए रखने में राज्य की विफलता का स्पष्ट संकेतक है।श्श उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की घटनाएं लोगों का महत्वपूर्ण मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए की जा रही हैं। पटेल ने रामजी लाल सुमन की अनुपस्थिति में उनके आवास पर हमले को गहरी साजिश करार देते हुए इसे कानून, संविधान और डॉक्टर बीआर आंबेडकर की विचारधारा पर हमला बताया। उन्होंने हमलावरों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की धारा लगाने और हिंसा में करणी सेना की कथित भूमिका के लिए उस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। उन्होंने विपक्षी दलों के नेताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इसकी समीक्षा करने की मांग की। हाल ही में एक वीडियो सामने आया है, जिसमें राज्यसभा सांसद कथित तौर पर यह कहते हुए दिखे कि राणा सांगा एक गद्दार था, जो इब्राहिम लोदी को हराने के लिए बाबर को लाया था। राणा सांगा या संग्राम सिंह 1508 से 1528 तक मेवाड़ के शासक थे। इस बयान का विरोध करते हुए करणी सेना के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बुधवार को यहां हरि पर्वत चौराहा के पास सांसद के मकान में तोड़फोड़ की।

# माननीयों का मानदेय

सोमवार को जारी संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा एक गजट नोटिफिकेशन के अनुसार सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के वेतन, भत्तों एवं पेंशन में एक अप्रैल 2023 से बढ़ोतरी की है। अब सांसदों का वेतन एक लाख से बढ़कर 1.24 लाख रुपये प्रतिमाह हो जाएगा। साथ ही दैनिक भत्ता दो हजार से ढाई हजार रुपये प्रतिदिन हो जाएगा। वहीं पूर्व सांसदों की पेंशन भी पच्चीस हजार से बढ़कर 31 हजार प्रतिमाह हो जाएगी। इसके साथ ही पांच साल से अधिक की सेवा के लिये सांसदों की अतिरिक्त पेंशन दो हजार से बढ़कर ढाई हजार रुपये हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सांसदों के वेतन व भत्तों में बदलाव अप्रैल 2018 में किया गया था। तर्क दिया जा रहा है कि माननीयों के वेतन में वृद्धि महंगाई और जीवन यापन की बढ़ती लागत के मद्देनजर की गई है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 के परिवर्तन के अनुसार सांसदों को अपने क्षेत्र में ऑफिस चलाने और लोगों से मिलने-जुलने हेतु सत्तर हजार रुपये का भत्ता भी मिलता है। इसके अतिरिक्त उन्हें कार्यालय के व्यय हेतु साठ हजार रुपये महीना और संसद सत्र के दौरान हर दिन दो हजार रुपये का भत्ता भी मिलता है। कहा जा रहा है कि अब इन भत्तों में भी बढ़ोतरी होगी। उल्लेखनीय है कि माननीयों को हर साल फोन व इंटरनेट हेतु भत्ता, अपने परिवार के लिये 34 फ्री डोमेस्टिक फ्लाइट, निजी यात्रा के लिये रेल में प्रथम श्रेणी में यात्रा सुविधा, सड़क मार्ग से चलने पर ईंधन का खर्च व मुफ्त बिजली दृ पानी की सुविधा भी मिलती है। इसके अलावा सरकारी व निजी अस्पतालों में मुफ्त चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध करायी जाती है। यदि किसी रोग का भारत में पर्याप्त इलाज संभव न हो तो सरकार विशेष स्थिति में विदेश में उपचार के खर्च की अनुमति दे सकती है। साथ ही सरकारी आवास की सुविधा और यदि आवास न लें तो घर का भत्ता माननीयों को मिलता है। वहीं सरकार की दलील है कि वेतन-भत्तों में यह 24 फीसदी की वृद्धि लागत मुद्रास्फीति सूचकांक के आधार पर ही की गई है। दरअसल, सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में सांसदों के वेतन और भत्तों की हर पांच साल में समीक्षा करने का जो नियम बनाया था, उसका निर्धारण समय की महंगाई दर के आधार पर किया जाना था। निस्संदेह, लोकतंत्र के नीति-नियंताओं का जीवन विशिष्ट सुविधाओं का आकांक्षी होता है।

**लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के वेतन, भत्तों एवं पेंशन में एक अप्रैल 2023 से बढ़ोतरी की है। अब सांसदों का वेतन एक लाख से बढ़कर 1.24 लाख रुपये प्रतिमाह हो जाएगा। साथ ही दैनिक भत्ता दो हजार से ढाई हजार रुपये प्रतिदिन हो जाएगा। वहीं पूर्व सांसदों की पेंशन भी पच्चीस हजार से बढ़कर 31 हजार प्रतिमाह हो जाएगी। इसके साथ ही पांच साल से अधिक की सेवा के लिये सांसदों की अतिरिक्त पेंशन दो हजार से बढ़कर ढाई हजार रुपये हो जाएगी।**

वहीं सुख-सुविधाओं में वृद्धि तार्किकता की भी मांग करती है। यह नैसर्गिक न्याय ही होगा, यदि राजा और प्रजा के जीवन में समृद्धि की बयार समान रूप से होती है। इसमें अधिक अंतर भी न हो। किसी भी लोकतांत्रिक समाज में जनता का, जनता द्वारा और जनता के लिये के नारे का यथार्थ में फलीभूत होना भी जरूरी है। अभिजात्य संस्कृति की तार्किकता लोकतंत्र की कसौटी पर खरी नहीं उतरती। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रश्न आयकरदाता के धन के सदुपयोग व उसकी उत्पादकता का भी है। जिसके जरिये ध्विसंगतियां दूर करने व असमानता की खाई पाटने की तार्किकता भी शामिल है। हम यह न भूलें कि महंगाई का दंश देश की आम प्रजा भी भुगत रही है। नीति-नियंताओं को उसके कष्ट दूर करने के लिये संवेदनशील ढंग से सोचना चाहिए। आम लोगों को सामाजिक सुरक्षा का कवच देने के मुद्दे को भी प्राथमिक बनाया जाना चाहिए। करोड़ों लोगों को सस्ती व गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना भी हमारी प्राथमिकता बननी चाहिए। यह भी यक्ष प्रश्न कि देश की आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी हमें अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने को क्यों बाध्य होना पड़ रहा है। सार्वजनिक विमर्श में यह मुद्दा भी अकसर उठता रहा है कि जिस व्यवस्था की जनप्रतिनिधि संस्थाओं में करोड़पति जनप्रतिनिधियों का वर्चस्व हो, उनके लिये वेतन, भत्ते और पेंशन की तार्किकता क्या है? वहीं दूसरी ओर राजनीतिक विमर्श में नई-पुरानी पेंशन की आकांक्षा में चिंतित जनमानस को देशव्यापी एकरूपता के साथ विकल्प दिये जाने की भी जरूरत है। ताकि तेजी से उम्रदराज लोगों का देश होते भारत में करोड़ों लोगों का बुढ़ापा सुखमय हो सके। ताकि सुख, समृद्धि व सुकून राजा के घर भी हो और प्रजा के भी।

# कैसे रुकेगा राजनीति का अपराधीकरण

रमेश सर्राफ धमोरा

**1971 के लोकसभा चुनाव में झुंझुनू सीट पर देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने वाले शिवनाथ सिंह गिल को मैंने 1998 से 2003 में विधायक के रूप में देखा है। वह अपने क्षेत्र से जयपुर जाते या अपने घर से विधानसभा जाते हमेशा सरकारी बस का ही उपयोग करते थे। कभी निजी गाड़ियों से नहीं घूमते थे। इसी के चलते उन्होंने राजनीति में 50 साल लंबी पारी खेली थी। वह ईमानदार थे इसीलिए ईमानदारी से रहते थे।**

हमारे देश के राजनेताओं में दिन-प्रतिदिन नैतिकता कम होती जा रही है। कई बड़े नेता आए दिन विवादास्पद बयान देखकर चर्चाओं में बने रहते हैं। वहीं, बहुत से निर्वाचित विधायकों, सांसदों, मंत्रियों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों पर आपराधिक मामले दर्ज हो रहे हैं। जिससे राजनीति के क्षेत्र में काम करने वालों की छवि खराब हो रही है। देश की राजनीति में आज अपराध का इतना घालमेल हो गया है कि पता ही नहीं चलता कि कौन-सा जनप्रतिनिधि अपराधी है और किसकी छवि स्वच्छ है। अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के नेता बनने से जहां राजनीति दागदार हुई है। वहीं, नेताओं की जनता की दूरी भी बढ़ने लगी है। मौजूदा समय में राजनीति, व्यवसाय बन चुकी है। राजनीति में वही लोग सफल होते हैं जो या तो बड़े नेताओं के परिवार से हैं या फिर बहुत पैसे वाले हैं। राजनीति के क्षेत्र में अब सेवा, संगठन, वफादार कार्यकर्ताओं का कोई महत्व नहीं रह गया है। राजनीति पूरी तरह पैसों की चकाचौंध में लिप्त हो गई है। एक समय था जब धरातल पर काम करने वाला पार्टी कार्यकर्ता आगे चलकर जनप्रतिनिधि बनता था। जमीन से उठकर आगे आने वाला नेता आम जनता से जुड़ा रहता था और वह जनता के सुख-दुख से वाकिफ होता था। इसलिए वह आमजन के हित में काम करता था। मगर अब लोग पैसे के बल पर पैराशूट से उतरकर राजनीति करने लगे हैं। पैसे के बल पर चुनाव जीत जाते हैं। इसलिए उन्हें आमजन की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं रहता है। ऐसे नेता पांचसितारा संस्कृति के वाहक होते हैं। ऐसे नेता राजनीति में आने के लिए पहले खूब पैसा खर्च करते हैं और जब किसी पद पर पहुंच जाते हैं तो जमकर भ्रष्टाचार कर पैसा कमाते हैं। ऐसे लोगों के कारण ही आज राजनीति समाज सेवा की बजाय व्यवसाय बन गई है। 1971 के लोकसभा चुनाव में झुंझुनू सीट पर देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने वाले शिवनाथ सिंह गिल को मैंने 1998 से 2003 में विधायक के रूप में देखा है। वह अपने क्षेत्र से जयपुर जाते या अपने घर से विधानसभा जाते हमेशा सरकारी बस का ही उपयोग करते थे। कभी निजी गाड़ियों से नहीं घूमते थे। इसी के चलते उन्होंने राजनीति में 50 साल लंबी पारी खेली थी। वह ईमानदार थे इसीलिए ईमानदारी से रहते थे। आज हम देखते हैं कि राजनीतिक दलों के छोटे-छोटे कार्यकर्ता भी कई लाख रुपये की महंगी गाड़ियों में घूमते हैं। पार्टी का कोई नेता उनसे यह नहीं पूछता है कि इतनी महंगी गाड़ियां खरीदने के लिए पैसे कहां से आते हैं। सबको पता है कि राजनीति में आज छुटभैया नेता भी सत्ता की दलाली में पैसा कमा रहे हैं। दलाली के पैसों में बड़े नेताओं का भी हिस्सा होता है। इसीलिए उनकी तरफ कोई अंगुली नहीं उठाता है। चुनाव सुधार पर काम करने वाले गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट में सामने आया है कि देश के 45 प्रतिशत विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस संगठन ने देश के 28 राज्यों और विधानसभा वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 4123 विधायकों में से 4092 के चुनावी हलफनामे का विश्लेषण किया है। जिसमें आंध्र प्रदेश के सबसे ज्यादा 174 में से 138 यानी 79 प्रतिशत विधायकों ने जबकि सिक्किम में सबसे कम 32 में से सिर्फ एक विधायक 3 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। तेलुगु देशम पार्टी के सबसे ज्यादा 134 विधायकों में से 115 यानी 86 प्रतिशत पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उक्त रिपोर्ट से पता चला कि 1861 विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इसमें 1205 पर हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप हैं। रिपोर्ट के अनुसार 54 विधायकों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या के आरोप हैं। वहीं, 226 पर धारा 307 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत हत्या की कोशिश के आरोप हैं। इसके अलावा 127 विधायकों पर महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले दर्ज हैं। इनमें 13 पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 376 और 376 (2)(द) के तहत बलात्कार का आरोप है। धारा 376 (2)(द) एक ही पीड़ित के बार-बार यौन उत्पीड़न से संबंधित है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के अनुसार 543 लोकसभा सदस्यों में से 251 (46 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। उनमें से 27 को दोषी ठहराया गया है। रिपोर्ट के अनुसार लोकसभा में चुने जाने वाले आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे उम्मीदवारों की यह सबसे बड़ी संख्या है। कुल 233 सांसदों (43 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए थे। जबकि 2014 में 185 (34 प्रतिशत), 2009 में 162 (30 प्रतिशत) और 2004 में 125 (23 प्रतिशत) सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। 2024 में लोकसभा के लिये चुने गये 251 उम्मीदवारों में से 170 (31 प्रतिशत) पर बलात्कार, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध सहित गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। विश्लेषण से पता चला कि यह 2019 में 159 (29 प्रतिशत) सांसदों, 2014 में 112 (21 प्रतिशत) सांसदों और 2009 में 76 (14 प्रतिशत) सांसदों की तुलना में भी वृद्धि है। एडीआर के अनुसार 18वीं लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी भाजपा के 240 विजयी उम्मीदवारों में से 94 (39 प्रतिशत) ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं। कांग्रेस के 99 विजयी उम्मीदवारों में से 49 (49 प्रतिशत) ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं और समाजवादी पार्टी के 37 उम्मीदवारों में से 21 (45 प्रतिशत) पर आपराधिक आरोप हैं। विश्लेषण में पाया गया कि 63 (26 प्रतिशत) भाजपा उम्मीदवार, 32 (32 प्रतिशत) कांग्रेस उम्मीदवार और 17 (46 प्रतिशत) समाजवादी पार्टी उम्मीदवारों ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इसमें कहा गया है कि सात (24 प्रतिशत) टीएमसी उम्मीदवार, छह (27 प्रतिशत) डीएमके उम्मीदवार, पांच (31 प्रतिशत) टीडीपी उम्मीदवार और चार (57 प्रतिशत) शिवसेना उम्मीदवार गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार केरल के 20 में से 19 (95 प्रतिशत) सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें से 11 गंभीर अपराधों से जुड़े हैं। तेलंगाना के 17 में से 14 (82 प्रतिशत), ओडिशा के 21 में से 16 (76 प्रतिशत), झारखंड के 14 में से 10 (71 प्रतिशत) और तमिलनाडु के 39 में से 26 (67 प्रतिशत) सांसदों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे लंबित हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में लगभग 50 प्रतिशत सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। दूसरी ओर हरियाणा 10 और छत्तीसगढ़ 11 सांसद में केवल एक-एक सांसद पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पंजाब के 13 में से 2, असम के 14 में से 3, दिल्ली के 7 में से 3, राजस्थान के 25 में से 4, गुजरात के 25 में से 5 और मध्य प्रदेश के 29 में से 9 सांसदों पर आपराधिक मामले लंबित हैं। एक जनवरी 2025 तक वर्तमान या पूर्व विधायकों के खिलाफ कुल 4,732 आपराधिक मामले लंबित थे। इनमें सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में 1,171 मामले दर्ज हैं। ओडिशा (457), बिहार (448), महाराष्ट्र (442), मध्य प्रदेश (326), केरल (315), तेलंगाना (313), कर्नाटक (255), तमिलनाडु (220), झारखंड (133) और दिल्ली (124) मुकदमे लंबित हैं। उपरोक्त आंकड़ों को देखने से लगता है कि हमारे देश की राजनीति में अपराधियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यदि समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई तो यह देश की राजनीतिक व्यवस्था के लिए नासूर बन जाएगी। एक समय ऐसा होगा जब राजनीति का पूरी तरह अपराधीकरण हो जाएगा और स्वच्छ छवि के लोग राजनीति से दूर होते चले जाएंगे। सरकार को भी इस दिशा में कड़े कदम उठाने होंगे तभी राजनीति में बढ़ती अपराधियों की संख्या पर लगाम लग पाएगी।

# "मन का पंछी"



लेखक-राजू बाबू सिंह
रिटायर्ड आईपीएस एवं अध्यक्ष
वैदिक दर्शन एवं सनातन धर्म
प्रचार प्रसार समिति

मन का पंछी उड़ता जाये,
भावों के है पंख लगाए।
किंतु न मिलता उसे किनारा,
फिर कैसे वह संतुष्टि पाये।।
मन का पंछी उड़ता जाए।।
विषयों के तूफॉं का लेकर सहारा,
भावों के पर को है उसने पसरा।
तृष्णा बुझी न मिला न किनारा,
आसक्ति में सारा जीवन गुजारा।।
भौतिक सुखों से न वह बोध पाये,
फिर कैसे हो संतुष्टि पाये।।
मन का पंछी उड़ता जाए ।
विषय जन्य भाव लहराता पानी,
उठती है गिरती है यों जिंदगानी।
क्षण- क्षण में परिवर्तन की यह निशानी,
युग-युग से कहते हैं यह तत्व ज्ञानी।।
क्षणिक सुखों से न वह बोध पाये,
फिर कैसे वह संतुष्टि पाये।
मन का पंछी उड़ता जाए,
आत्मा के दमन का छोड़ा सहरा,
इद्रिंय विषय को ही माना सहारा।
बन्धन कटे न मिले न किनारा,
आसक्ति में सारा जीवन गुजारा ।।
भव बन्धन से न वह मोक्ष पाये,
फिर कैसे वह संतुष्टि पाये।।

मन का पंछी उड़ता जाए ,
भावों के है पंख लगाए।
किन्तु न मिलता उसे किनारा,
फिर कैसे वह संतुष्टि पाये।।
''मन का पंछी उड़ता जाए''

गीता में अर्जुन के द्वारा उठाए गए प्रश्नो का समाधान करते हुए श्री कृष्ण ने स्थान स्थान पर इंद्री निग्रह को बल दिया है

प्रजहति यदा कामान सर्वान्पार्थ मनोगतान,
आत्मयेवात्मना तुष्टः स्थितप्रज्ञस्तदोच्यते।।

हे ! पार्थ मनुष्य जब मन में स्थित समस्त इच्छाओं को त्याग देता है तो आत्मा से आत्मा में संतुष्ट रहते हुए स्थिर बुद्धि अर्थात स्थितप्रज्ञ कहलाता है। और समस्त कामनाओं को त्याग देने वाला व्यक्ति जो निष्पृह , ममता रहित , अहंकार रहित होकर आत्यंतिक शांति को प्राप्त हो जाता है।

विहाय कामान्ध सर्वान्पुमांश्चरति निस्पृहः,
निर्ममों निरहंकारः सः शान्तिमधिगच्छति।।

वैदिक ऋषियों की मीमांसा , उपनिषद् कालीन मीमांसा, स्मृतिकालीन मीमांसा तथा गीता आदि ग्रन्थों

मुमुक्षु के लिए इंद्रियों का निग्रह करना परम श्रेय मार्ग बताया गया है।

# जलवायु परिवर्तन पर देश में नई नीति की जरूरत

राकेश दुबे

भारतीय रिजर्व बैंक के मार्च बुलेटिन में प्रकाशित अध्ययन में एक गंभीर चिंता जताई गई है, जो देश में वर्षा के वितरण में तेजी से आ रहे बदलाव और खाद्यान्न फसलों पर इसके असर से जुड़ी है। अध्ययन कहता है कि भारतीय कृषि अब भी काफी हद तक मॉनसून पर निर्भर है। आधुनिक सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और जलवायु परिवर्तन से बेअसर रहने वाले नई किस्मों के बीज तैयार होने से राहत तो मिली है मगर मॉनसूनी बारिश अब भी निर्णायक होती है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दौरान होने वाली वर्षा खरीफ सत्र में कृषि उत्पादन के लिए बेहद जरूरी है। वर्षा का तरीका बदलने या सूखे जैसी स्थिति से फसल उगाने का चक्र बिगड़ जाता है और कीटों एवं पौधों से जुड़ी बीमारियों की समस्या भी बढ़ जाती है। पर्याप्त और समान वर्षा होने से कृषि उत्पादकता बढ़ जाती है। मॉनसून में अच्छी बारिश रबी सत्र के अनुकूल होती है। मिट्टी में पर्याप्त नमी रहने और जलाशयों में पानी का स्तर अधिक रहने से गेहूं, सरसों और दलहन जैसी फसलों की बुआई के लिए आदर्श स्थिति तैयार होती है। खरीफ सत्र में मोटे अनाज, तिलहन, दलहन और चावल की उपज में सालाना वृद्धि के आंकड़े देखें तो जिस साल दक्षिण पश्चिम मॉनसून सभी फसलों के लिए बेहतर रहा उस साल उत्पादन भी ज्यादा रहा लेकिन अतिवृष्टि ने मक्के और तिलहन की उपज बिगाड़ी। अध्ययन में कहा गया है कि उत्पादन इस बात पर भी निर्भर करता है कि मॉनसूनी बारिश कब आती है। उदाहरण के लिए जून और जुलाई में कम बारिश मक्का, दलहन और सोयाबीन के लिए खासतौर पर नुकसानदेह होती है क्योंकि मिट्टी में नमी कम होने के कारण बुआई अटक जाती है और पौधों की शुरुआती बढ़वार पर भी असर पड़ता है। इसी तरह कटाई के समय अत्यधिक वर्षा से तिलहन उत्पादन घट जाता है। पिछले साल मॉनसून में शानदार वर्षा और सटीक ठंड रहने से चालू वित्त वर्ष में फसलों का उत्पादन बेहतर रहने की उम्मीद है। अनुमान है कि पिछले साल के मुकाबले खरीफ का उत्पादन 7.9 प्रतिशत और रबी का 6 प्रतिशत बढ़ सकता है। भारतीय मौसम विभाग ने 2025 के लिए मॉनसून के अनुमान जारी नहीं किए हैं मगर विश्व मौसम विज्ञान संगठन का अनुमान है कि भारत में इस साल वर्षा सामान्य या इससे अधिक हो सकती है। ध्यान रहे कि जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश के पैटर्न में आने वाले बदलाव कृषि उत्पादन पर ज्यादा असर डाल सकते हैं। मौसम की अतिरंजना अब अनोखी बात नहीं रह गई है। भारत में पिछले साल 365 में से 322 दिन मौसम की अति दिखी थी। इससे देश में 4.07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसलें प्रभावित हुईं। 2023 में 318 दिन मौसम ऐसा रहा था। जब तक इन प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए बहु-आयामी नीति नहीं अपनाई जाती है तब तक ऐसी घटनाएं बढ़ती ही रहेंगी। पिछले साल कम और असमान वर्षा के कारण गर्म हवा और बाढ़ की 250 घटनाएं सामने आईं। जलवायु परिवर्तन की वजह से बढ़ते तापमान और बाढ़ के कारण फसलों का उत्पादन घटने और इनमें पोषक तत्व कम होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। बदलती परिस्थितियों को देखते हुए जलवायु के अनुकूल कृषि कार्यों की तरफ कदम बढ़ाना आवश्यक हो गया है। कृषि में जलवायु परिवर्तन सहने की क्षमता रखने तौर-तरीके, नालियों की प्रणाली में सुधार, बाढ़ एवं सूखा प्रबंधन और तकनीक अपनाकर कृषि क्षेत्र में क्षमता एवं टिकाऊपन बढ़ाया जा सकता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने फैसला पलट दिखायी राह, किया उजाला

ललित गर्ग

**शीर्ष अदालत के जजों ने इस फैसले को असंवेदनशील बताते हुए न केवल इलाहाबाद हाई कोर्ट के इस विवादित फ़ैसले पर गंभीर नाराजगी दर्शायी एवं खेद प्रकट किया है, क्योंकि इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा था- नाबालिग लड़की के ब्रेस्ट पकड़ना और उसके पायजामे के नाड़े को तोड़ना रेप नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने यौन अपराधों की गंभीरता को कम करने वाली या पीड़ितों के अनुभवों को कमतर आंकने वाली भाषा एवं सोच का इस्तेमाल न करने की चेतावनी देते हुए हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को भी ऐसा फैसला देने वाले जज से ऐसे संवेदनशील मामलों की सुनवाई न कराने का भी निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के जजों ने कहा कि यह फैसला तुरंत नहीं लिया गया, बल्कि सुरक्षित रखने के 4 महीने बाद सुनाया गया यानी पूरे विचार के बाद फैसला दिया गया है।**

नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की कोशिश से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगाकर न्याय की संवेदनशीलता को संबल दिया है, इससे जहां न्याय की निष्पक्षता, गहनता एवं प्रासंगिकता को जीवंत किया है, वहीं महिला अस्मिता एवं अस्तित्व को कुचलने की कोशिशों को गंभीरता से लिया गया है। शीर्ष अदालत के जजों ने इस फैसले को असंवेदनशील बताते हुए न केवल इलाहाबाद हाई कोर्ट के इस विवादित फ़ैसले पर गंभीर नाराजगी दर्शायी एवं खेद प्रकट किया है, क्योंकि इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा था- नाबालिग लड़की के ब्रेस्ट पकड़ना और उसके पायजामे के नाड़े को तोड़ना रेप नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने यौन अपराधों की गंभीरता को कम करने वाली या पीड़ितों के अनुभवों को कमतर आंकने वाली भाषा एवं सोच का इस्तेमाल न करने की चेतावनी देते हुए हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को भी ऐसा फैसला देने वाले जज से ऐसे संवेदनशील मामलों की सुनवाई न कराने का भी निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के जजों ने कहा कि यह फैसला तुरंत नहीं लिया गया, बल्कि सुरक्षित रखने के 4 महीने बाद सुनाया गया यानी पूरे विचार के बाद फैसला दिया गया है। नारी अस्मिता एवं अस्तिव को कुचलने की शर्मसार करने वाली निचली अदालतों की ऐसी न्यायिक घटनाएं चिन्ताजनक है। एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट की पहल से समाज में सकारात्मक संदेश दिया गया और महिलाओं की सुरक्षा, अस्मिता एवं अस्तित्व सुनिश्चित करने का सार्थक प्रयास भी किया गया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट में जस्टिस राममनोहर नारायण मिश्रा ने अपने 17 मार्च के इस फ़ैसले में कहा था कि 'पीड़िता के स्तन को छूना और पायजामे की डोरी तोड़ने को बलात्कार या बलात्कार की कोशिश के मामले में नहीं गिना जा सकता है।' उल्लेखनीय है कि यह घटना साल 2021 में एक नाबालिग लड़की के साथ हुई थी। जिसमें तीन युवकों ने लड़की से बदतमीजी की थी और उसके प्राइवेट पॉर्टस को छुआ तथा पुल के नीचे घसीटकर उसके पायजामे की डोरी तोड़ थी। जिसे पास से गुजरने वाले ट्रैक्टर चालकों ने बचाया था। स्थानीय पुलिस से जब किशोरी के परिजनों को मदद नहीं मिली तब उन्होंने न्याय के लिये कासगंज की विशेष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। जहां अभियुक्तों पर आईपीसी की धारा 376 व पॉक्सो एक्ट की धारा 18 लगाई गई। जिसको अभियुक्तों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। 11 साल की इस लड़की के साथ हुई इस घटना के बारे में जस्टिस मिश्रा का निष्कर्ष था कि यह महिला की गरिमा पर आघात का मामला है। इसे रेप या रेप की कोशिश नहीं कह सकते। एकल पीठ का कहना था कि मामले में तथ्यों व आरोपों के आधार पर तय करना संभव नहीं है कि बलात्कार का प्रयास हुआ था। जिसके लिये अभियोजन पक्ष को सिद्ध करना था कि अभियुक्तों का यह कदम अपराध करने की तैयारी के लिये था। इस फैसले के बाद देशभर में गहरा आक्रोश, गुस्सा एवं नाराजगी सामने आयी, महिला संगठनों व बौद्धिक वर्गों में तल्ख प्रतिक्रिया देखी गयी, सोशल मीडिया एवं मीडिया ने इसे न्याय की बड़ी विसंगति एवं अमानवीयता के रूप में प्रस्तुत किया। महिला संगठन वी द वूमेन ऑफ इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट का भी रुख किया था। शीर्ष अदालत के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने माना कि फैसला न केवल असंवेदनशील है बल्कि अमानवीय नजरिया भी दर्शाता है। जिसके चलते इस फैसले पर रोक लगाना आवश्यक हो जाता है। वहीं शीर्ष अदालत ने इस मसले पर केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार को भी नोटिस जारी किया है। यह बात किसी के गले नहीं उतर पा रही कि जब पाक्सो कानून में स्पष्ट रूप से किसी बच्चे के साथ गलत हरकतों को आपराधिक कृत्य माना गया है, तब कैसे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के संबंधित न्यायाधीश को न्यायिक विवेचन करते समय यह गंभीर दोष नहीं जान पड़ा। महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित कानूनों में तो उन्हें घूरने, गलत इशारे करने, पीछा करने आदि को भी आपराधिक कृत्य माना गया है। फिर उस लड़की के मामले में हर पहलू पर विचार क्यों नहीं किया गया? इस फैसले की निन्दा, भर्त्सना एवं आलोचना ने देश में एक बार फिर जताया है कि देश ऐसे संवेदनशील मामलों में जागरूक है, किसी भी तरह की लापरवाही एवं कोताही को बर्दाश्त नहीं करेगा। सुप्रीम अदालत ने देखा था कि पीछा करने, छेड़छाड़ करने और उत्पीड़न जैसे अपराधों को सामान्य बनाने वाले रवैये का 'पीड़ितों पर स्थायी और हानिकारक प्रभाव पड़ता है।' महिलाओं के सम्मान और गरिमा के प्रति सर्वोच्च न्यायालय संवेदनशील है, यही आशा की किरण है। यहां यह अपेक्षित हो जाता है कि महिला मामलों की सुनवाई करने वाले जजों को इसकी बारीकियों एवं गहनताओं का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। ऐसे प्रशिक्षित जजों को ही ऐसे मामलों की सुनवाई का मौका दिया जाना चाहिए। यह भी अपेक्षित है कि ऐसे मामलों में कोताही या दुराग्रह बरतने वाले जजों के लिये उचित जांच का भी प्रावधान होना चाहिए। महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में फैसला देते वक्त अदालतों से अपेक्षा की जाती है कि वे घटना, तथ्यों और प्रमाणों पर संवेदनशील तरीके से विचार करें। मगर विचित्र है कि कई बार निचली अदालतें ऐसे मामलों में आग्रह एवं पूर्वाग्रहपूर्ण निर्णय सुना देती हैं। उल्लेखनीय है कि एक ऐसे ही मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच के फैसले को पलट कर कानून की संवेदनशीलता को संबल दिया था। तब भी सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2021 में कहा था कि किसी बच्चे के यौन अंगों को यौन इरादे से छूना पॉक्सो अधिनियम की धारा 7 के तहत यौन हिंसा माना जाएगा। अब चाहे इसमें त्वचा का संपर्क नहीं हुआ हो। कोर्ट का मानना था कि अभियुक्त का इरादा ज्यादा मायने रखता है। दरअसल, इस मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट की महिला जज ने अभियुक्त को इस आधार पर बरी करने का फैसला लिया था कि त्वचा से त्वचा का संपर्क नहीं हुआ था। इसी तरह कलकत्ता हाईकोर्ट ने भी अक्टूबर, 2023 में एक फैसला सुनाते हुए टिप्पणी की थी कि किशोरियों को अपनी यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए, वे दो मिनट के सुख के लिए समाज की नजरों में गिर जाती हैं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जज से यह उम्मीद नहीं की जाती है कि वे फैसला सुनाते समय अपने विचार व्यक्त करें। तब सुप्रीम कोर्ट ने यह दिशानिर्देश भी जारी किए थे कि फैसले किस तरह लिखे जाने चाहिए। इसके अलावा, कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को भी पलट दिया था। ऐसे फैसले न्यायिक भ्रष्टता, संवेदनहीनता एवं लापरवाही के प्रतीक है, जिससे महिलाओं अपराधियों, बलात्कारियों, व्यभिचारियों एवं यौन शोषकों का नारी से खिलवाड़ करने का हौसला बुलन्द होता है। देश में बढ़ रही यौन-शोषण, रेप एवं नारी दुराचार की घटनाओं को देखते हुए न्याय-व्यवस्था को अधिक सशक्त एवं निष्पक्ष बनाये जाने की अपेक्षा है। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि कुछ मामलों में पाक्सो और महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों का दुरुपयोग देखा गया है, मगर इसका अर्थ यह नहीं कि इससे किसी को हर महिला के साथ हुए दुर्व्यवहार और यौन शोषण को असंवेदनशील तरीके से देखने की छूट मिल जाती है। पहले ही महिला यौन उत्पीड़न के मामलों में शिकायतें दर्ज कराने को लेकर चुप्पी साध जाने या टालमटोल रवैया अपनाना एक गंभीर मामला है। जिसके चलते ऐसी घटनाएं बढ़ती ही जा रही है। आजीवन शोषण, दमन, अत्याचार, अवांछित बर्ताव और अपमान की शिकार रही भारतीय नारी को अब और नये-नये तरीकों से कब तक जहर के घूंट पीने को विवश होना होगा। अत्यंत विवशता और निरीहता से देख रही है वह यह क्रूर अपमान, यह वीभत्स अनादर, यह दूषित व्यवहार एवं संकुचित न्याय। न्याय की चौखट पर भी उसके साथ दोयम दर्ज़ा एवं दुराग्रहपूर्ण सोच बदलना सर्वोच्च प्राथमिकता हो। यदि हम सच में नारी के अस्तित्व एवं अस्मिता को सम्मान देना चाहते हैं तो! ईमानदार स्वीकारोक्ति और पड़ताल से ही यह संभव होगा।

# खाना बनाते समय गैस पाइप लीकेज होने से लगी आग, आठ घर स्वाहा

- पछुआ हवाओं के थपेरों से फैली आग
- फायर बिग्रेड टीम बड़ी मुश्किल से आग पर पाया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



धौरहरा खीरी। दोपहर धौरहरा विकास खंड के करौहा ग्राम पंचायत के एक गांव में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। जानकारी के अनुसार, रामधार नाई के घर खाना बनाते समय गैस सिलेंडर के पाइप में लीकेज होने से आग लग गई। आग तेजी से फैलते हुए गांव के पूरब स्थित ब्राह्मण, नाई और मुस्लिम परिवारों की बस्ती में पहुंच गई आग ने आठ घरों समेटा। पछुआ हवाओं के थपेड़ों ने आग को और अधिक भड़काया, जिससे करीब आठ घर जलकर राख हो गए। इस आग में घरों के साथ-साथ नकदी, गृहस्ती के सामान, और अनाज भी जलकर नष्ट हो गए। हालांकि, जनहानि और पशु हानि की कोई पुष्टि नहीं हुई है। आग के दौरान घरों के सामान जलते हुए देखकर पीड़ित परिवार हाय-हाय करते हुए चीखने-चिल्लाने लगे। प्रभावित परिवारों में रामधार, इतवारी, राजेंद्र, कपिल, कन्हैया बाजपेई, साबिर अली, शौकत, और कल्लू मिश्रा के घर जलकर राख हो गए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी मिलने पर राजस्व और ग्राम पंचायत सचिव चंद्रशेखर सीक्रेट्री तथा लेखपाल मेराज अली भी घटनास्थल पर पहुंचे और नुकसान का आकलन किया। रिपोर्ट प्रशासन को भेज दी गई है। मौके पर प्रधान प्रतिनिधि नवीन अवस्थी ने पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद देने का वादा किया है।

## राज्यमंत्री के हाथों टेबलेट पाकर खिल उठे आई टी आई छात्रों के चेहरे

शीशगढ़। सरकार द्वारा युवाओं को तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टेबलेट बितरण कार्यक्रम में स्वामी सोमनाथ प्राइवेट आई टी आई कालेज शहपुरा (मानपुर )के 73 छात्रों को आज गुरुवार को एसडीएम सभागार बहेड़ी में भारत सरकार के राज्य मन्त्री जितिन प्रसाद के द्वारा टेबलेट बितरण किए गए।टेबलेट पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे।टेबलेट बितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जितिन प्रसाद माननीय राज्य मन्त्री वाणिज्य एवं उद्योग इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रोद्योगिकी भारत सरकर,विशिष्ट अतिथि एम एल सी बहोरन लाल मौर्य,एम एल सी कुंवर महाराज सिंह ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्रों को तहसील,जिला व राज्य व देश का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया।कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी रत्निका श्री वास्तव,कालेज के प्रवंधक डॉ.धर्म सिंह व प्रधानाचार्य राजेश गंगवार आदि मौजूद रहे।

## रामलीला मैदान में नुमाइश लगाने का प्रयास नई परम्परा डालने के आरोप में शिकायत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

शीशगढ़।कुछ लोगों के द्वारा प्राचीन रामलीला मैदान में नुमाइस लगाने की तैयारी शुरू कर दी हैं।जिसे नई परम्परा बताकर हिन्दू समाज के लोगों ने जिलाधिकारी महोदय,उपजिलाधिकारी महोदय व एसएसपी को पत्र लिखकर रुकवाने की गुहार लगाई है।कस्बे के संजीव रस्तोगी,गौरव सिंह,राजीव सिंह, दिनेश,के.पी.शर्मा,विनोद शर्मा हरी ओम,वीरू रस्तोगी आदि ने उच्चा अधिकारियो को लिखित शिकायत कर बताया है कि कि विगत कुछ वर्षो से श्रीराम लीला मैदान में हिन्दू समाज के लोग हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री बाला जी दरवार का आयोजन करते आ रहे हैं।जो कि इस वर्ष 15अप्रैल दिन मंगलवार को लगना सुनिश्चित हुआ है।श्री बाला जी दरवार में दूर दराज से



भारी संख्या में लोगों का आना होता है।और आयोजन भी भव्य होता है।उक्त धार्मिक कार्यक्रम की तैयारियां एक माह पूर्व से होने लगती हैं।जिसमें रामलीला मेला ग्राउंड की साफ सफाई,गड्ढे भरना व अन्य कार्य किए जाते हैं।लेकिन इस वार कुछ लोग रामलीला मैदान में नई परम्परा डालते हुए उसमें नुमाइस लगवाने की तैयारी कर रहे हैं।जिससे हिन्दू समाज में बेहद रोष हैं।इन्ही लोगों के द्वारा पूर्व में भी दो,तीन वार नुमाइस लगाने की कोशिश की थी।शिकायत पर अधिकारियो नुमाइस लगने से रुकबा दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### जिगनहां में दबंगों ने काट लिए 11 पेड़



कुकरा खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव जिगनहा निवासी सुनील कुमार वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी जमीन तहसील लखीमपुर के गांव कोड़री में है, जिसमें यूके लिप्टिस और सागौन के पेड़ खड़े थे। मेड़ के विवाद में पेड़ों का बंटवारा नहीं हो पा रहा था। गांव के कुछ लोगों ने बिना बताए और बिना कीमत दिए पेड़ों को बेच दिया। खेत स्वामी को जानकारी हुई तो उसने अपने हिस्से के रुपये मांगे तो आरोपी झगड़े पर आमादा हो गए। डायल 112 पुलिस ने हिदायत दी कि दोनों पक्षों में सुलह कर ठेकेदार लकड़ी ले जा सकता है। लेकिन शाम को सकेथू के संतराम ने आश्वासन दिया कि समझौता करा दूंगा लेकिन ठेकेदार लकड़ी उठाने आया, जब मना किया तब उसने बिना रुपया दिए धमकी देकर भगा दिया।

### आउटसोर्सिंग कर्मचारी पचास और तनख्वाह अस्सी को दी जा रही : राहुल

बरेली। क्षेत्र में लगातार हो रहे घोटाले से अवगत कराने के लिए मंडल अपर आयुक्त को शिव तांडव सनातन कल्याण संस्थान के राष्ट्रीय संस्थापक राहुल त्रिवेदी ने ज्ञापन दिया है जिसमें बताया कि वह ककराला नगर पालिका की काफी समय से शिकायत कर रहा हु जिसकी जांच भी चल रही है 15 वें वित्त से टेंडर लगे थे जिसमें जबरदस्त भ्रष्टाचार एवं मानक के अनुरूप कार्य नहीं हो रहे सप्लाई के और आउटसोर्सिंग 50 कर्मचारी काम कर रहे हैं परंतु तनख्वाह 80 लोगों की निकली जा रही है अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष की मिली भगत से 15 में वित्त एवं राज्य वित्त के टेंडर लगा दिए हैं जिनकी अंतिम तिथि 18 मार्च थी परंतु अब 25 मार्च लगा दी है उन्होंने बताया कि सारे शख्स उनके पास मौजूद है जबकि आरोपी सरकारी पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं ज्ञापन देते हुए मांग की है कि उसकी सुरक्षा की जाए क्योंकि उसने महाकुंभ पर टिपणी करने वालों के विरुद्ध भी कार्यवाही की है आरोपी लगातार जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। एवं उक्त मामले की जांच कर आरोपियों के टेंडर निरस्त किए जाएं।

### आत्मदाह करने वाला आरोपी तमंचे के साथ गिरफ्तार

बरेली। थाना सिरौली में वायरल हुई वीडियो में तमंचे के साथ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैं। पुलिस की पकड़ में आया आरोपी थाना सिरौली के ग्राम व्यौधन खुर्द निवासी संदीप सागर पुत्र सुखलाल को गिरफ्तार कर लिया। वायरल हुई वीडियो में आरोपी अपने मकान की छत पर अवैध तमंचा लिये खड़ा है जो स्वंय को गोली मारकर आत्महत्या करने का प्रयास कर रहा है। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने संदीप सागर के हाथ में तमंचा देखा आरोपी तमंचे से स्वंय को गोली मारकर आत्महत्या करने का प्रयास कर रहा था। पुलिस टीम ने रेस्क्यू टीम बनाकर मकान के पिछले रास्ते से छत पर पहुंचकर सूझबूझ दिखाते हुयें संदीप सागर को गिरफ्तार कर लिया है।

### यूपी भारत का ग्रोथ इंजन कार्यक्रम का हुआ समापन

सफीपुर-उन्नाव। विकासखंड सभागार में आयोजित तीन दिवसीय यूपी भारत का ग्रोथ इंजन कार्यक्रम का समापन हुआ।अंतिम दिन एमएलसी रामचंद्र प्रधान ने कार्यक्रम में भाग लिया और फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर सरकारी योजनाओं की जानकारी ली। एमएलसी रामचंद्र प्रधान ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है।उन्होंने ग्रामीण विकास, कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और लोगों को इनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एसडीएम नवीन चन्द्र ,बीडीओ श्वेता त्रिपाठी, एडीओ पंचायत छोटेलाल, आशीष मिश्रा, सर्वेश दीक्षित, सर्वेश बाजपेई, विमल गौतम, सकुशल सिंह, आशीष शुक्ला, उत्तम अवस्थी, शुभम वर्मा, उत्कर्ष यादव, केके तिवारी सहित कई अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## भव्य रूप से निकाली गयी नगर में बालाजी महाराज की निशान एवं शोभायात्रा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मैलानी खीरी। मैलानी कस्बे में श्री बालाजी मित्र मण्डल द्वारा नगर में बालाजी महाराज की निशान एवं शोभायात्रा भव्य रूप से निकाली गयी। नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी एवं सुभाष गोयल द्वारा यात्रा में शामिल लोगों पर पुष्प वर्षा की गयी। इस दौरान पूरे नगर में जय श्रीराम और जय श्री हनुमान के नारे गूंजते रहे,भक्तगण एक दूसरे को गुलाल लगाकर प्रभु राम के नाम का जय घोष करते रहे।यात्रा सुबह दस बजे मैलानी की मुख्य बाजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर से प्रांरभ होकर मुख्य बाजार,चमन चौराहा,मैलानी गांव,पलिया बाईपास तिराहा भ्रमण करते हुए शिवमंदिर वापस पहुंची।सर्वप्रथम बालाजी की पूजा-अर्चना व निशान पूजा की गई।निशान यात्रा के दौरान कानपुर से आई पल्लवी झांकी ग्रुप के कलाकारों द्वारा बनायी गयी सजीव झांकियों ने बालाजी के भजनों पर झूमकर सभी का मन मोह लिया एवं ढोल नगाड़ों की ताल



पर निशान यात्रा में शामिल सभी भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।कस्बे की अमित गुप्ता,द्वारका प्रसाद गोयल,रामऔतार शर्मा,भवानी शंकर माहेश्वरी एवं व्यापारी विजय गुप्ता,ज्योती गुप्ता के परिवार द्वारा जलपान,फलाहार एवं सब्जी पुड़ी की व्यवस्था की गयी।निशान एवं शोभायात्रा में कानपुर से आई पल्लवी झांकी ग्रुप के कलाकारों द्वारा बजरंगबली,राधा कृष्ण,शंकर पार्वती की सजीव झाकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही।निशान यात्रा के वापस मंदिर पहुंचने पर लड्डू के प्रसाद का भोग लगाया गया व प्रसाद वितरण किया गया। निशान एवं शोभायात्रा के दौरान मैलानी थानाध्यक्ष निराला तिवारी पूरे दलबल के साथ मौजूद रहे।कार्यक्रम में श्री बालाजी मित्र मण्डल खुटार के महंत नंदन जी महाराज सहित विपिन अग्रवाल, अमन गोयल,सचिन सिंघल, अभिषेक निगम, अतुल राजपूत,कलश अग्रवाल, नरेश यादव, रोहिताश्व गोयल, रामचंद्र अग्रवाल, अरविंद गोयल,मनीष मित्तल, अंकित गोयल, सुमित अग्रवाल,संजय शर्मा,रोहित मिश्रा,नितिन गुप्ता,नमन खन्ना शामिल रहें।

## श्री हरिद्वारी वैश्य समिति पंजीकृत द्वारा भव्य होली मिलन समारोह

गोला गोकर्णनाथ खीरी। जिला लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश के द्वारा आयोजित सामूहिक होली मिलन समारोह 26 मार्च 2025 को दिन बुधवार को मिल रोड 16 वैश्य समाज धर्मशाला के निकट बड़े ही हर्षोल्लास के साथ एक दूसरे के गले मिलकर अबीर गुलाल लगाकर मनाया। उपर्युक्त होली मिलन समारोह गोला नगर श्री हरिद्वारी वैश्य समिति, रजिस्टर्ड की कार्यकारिणी ने अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न ,,कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राम गुप्ता अवकाश प्राप्त अध्यापक निवासी गोला एवं विशिष्ट अतिथि अजय पाल गुप्ता निवासी मगदापुर, विद्या राम गुप्ता गोला श्री ज्ञानचंद गुप्ता गोला रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती का पूजन मुख्य अतिथि द्वारा करके प्रारंभ किया गया। उसके उपरांत समाज के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किए गए एवं मधुकर शहनाई एवं संरक्षण प्रमोद गुप्ता द्वारा काव्य पाठ प्रस्तुत किए गए, जिसका सभी आए हुए अतिथियों ने आनंद लिया। होली मिलन कार्यक्रम में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट वर्ष 2024 परीक्षा में 75% या इससे अधिक अंक पाने वाले मेधावी छात्र छात्रों को सम्मानित किया गया।

## पौराणिक मान्यताओं के ऐतिहासिक मेला चैती सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भव्यता के साथ सम्पन्न होगा : विजय शुक्ला रिंकू

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। गुरुवार शाम नगर पालिका परिसर में मेला चैती की तैयारियों एवं सुझाव के लिए बैठक मुख्य अतिथि एस डीएस गोला विनोद कुमार गुप्ता नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के सानिध्य में सम्पन्न हुई जिसमें राजा जफर उल्ला खा ने गंगा जमुनी तहजीब ,रामजी गुप्ता ,श्रीकांत तिवारी ऐतिहासिक महत्व ,अरुण अवस्थी,पारस नाथ मिश्रा बिजली कटौती , आनंद सोनी मेला में फुटपाथ पर अतिक्रमण ,द्वारिका प्रसाद रस्तोगी मेले में श्रद्धालुओं की बसों की उचित व्यवस्था ,प्रवीन गुप्ता सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बेहतर बनाने का सुझाव दिया ,अन्नपूर्णा रसोई संचालक गौरव ज्ञान त्रिपाठी ने नीलकण्ठ पुलिस चौकी मे फोर्स तैनात हो ,शिव गोपाल गुप्ता ने मेला फ्री न देखने देने की बात की, सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के



अध्यक्ष के के शुक्ला ने भीडभाड़ पर नियंत्रण करने की बात कही , सभासद नानक चन्द्र वर्मा ने ट्राफिक व्यवस्था ,विनीत भदौरिया कार्यक्रम में फूहड़ता पर ध्यान देने को कहा,, महेश पटवारी ने महिला सुरक्षा की बात की बात की इसके साथ श्याम किशोर अवस्थी ने भी गरीब परिवार के लोगों को मेला फ्री पास देने की बात की।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा , भाजपा नेता सुर्जन लाल वर्मा , अशोक सक्सेना , विजय बाजपेयी, ई ओ सुरेन्द्र कुमार ,डा गणेश ,पुलिस क्षेत्राधिकारी,व्यापार मण्डल के पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रमुख, गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## पेड़ से लटका मिला ग्रामीण का शव , पुलिस जांच में जुटी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बरेली। घर से लापता हुए ग्रामीण का शव गांव के बाहर जंगल में पेड़ से लटका मिला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस और फॉरेंसिस टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल करके सबूत जुटाने में लग गई। नवाबगंज के थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव बिजामऊ निवासी 40 वर्षीय संजीव कुमार पुत्र रणधीर सिंह गांव में खेती-बाड़ी करते हैं वह बुधवार को सुबह घर से खाना खाकर सुबह 9 बजे खाना खाकर खेत पर काम करने की बात कह कर घर से निकले थे। लेकिन पूरे दिन और देर रात तक उसके वापस न आने पर परिजनों को चिंता सताने लगी। मृतक संजीव की पत्नी सुमन ने संजीव के वापस न आने पर पड़ोस में रह रहे संजीव के भाइयों को बताई। इसके बाद परिजनों ने संजीव की तलाश शुरू कर दी लेकिन पूरी रात तलाश करने के बावजूद भी संजीव का कोई पता नहीं लग सका गुरुवार को सुबह परिजनों ने गांव वालों की मदद से फिर उनको तलाश करना शुरू किया । तो गांव के पश्चिम में तालाब किनारे जामुन के पेड़ से संजीव का शव पेड़ पर अंगोछे से झूलता मिला। जिसकी सूचना परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवा कर जांच पड़ताल शुरू की इस दौरान फॉरेनसिस टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्षय जुटाए और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक की पत्नी सुमन ने बताया की पति संजीव कुमार कुछ दिनों से गुमसुम से रहते थे उनके पति की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी।पुलिस क्षेत्राअधिकारी हर्ष मोदी ने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है पारिवारिक कलह के चलते संजीव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है । अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## स्वामी विद्या मंदिर में संपन्न हुआ पत्रकार सम्मान समारोह

- राग, फॉग, अनुराग के महापर्व होली मिलन उत्सव पर दिया एकता, भाईचारे का संदेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। खमरिया कस्बे के राधा स्वामी विद्या मंदिर विद्यालय में होली मिलन उत्सव एवं पत्रकार सम्मान समारोह बड़ी धूमधाम से संपन्न किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्रबंधक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बेहद खास अंदाज में किया। विद्या की देवी मां सरस्वती एवं लेखनी के देवता भगवान चित्रगुप्त के चित्रों पर पुष्प अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में प्रबंधक श्री श्रीवास्तव ने विद्यालय की उपलब्धियों एवं योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विद्यालय द्वारा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे न्यूनतम शुल्क में उच्च कोटि



की संस्कार पोषित शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा के साथ साथ विद्यालय उनके शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास के लिए भी प्रयासरत है। प्रबंधक श्रीवास्तव ने कहा कि सांस्कृतिक, रंगारंग प्रतियोगिताए आयोजित कर विद्यालय समय समय पर प्रतिभा विकास के प्रयास भी कर रहा है। इस दौरान लखीमपुर के त्रिमूर्ति ग्रुप के पत्रकार अनिल कुमार श्रीवास्तव, सर्वेश कुमार शुक्ला एवं स्पर्श सिन्हा को विशेष सम्मान से विभूषित कर विद्यालय परिवार ने उनका उत्साहवर्धन भी किया। सम्मान की इसी श्रंखला में खमरिया पत्रकार संरक्षक अनिल गुप्ता, खमरिया पत्रकार मंडल के महामंत्री योगेश शुक्ला सहित लगभग आधा दर्जन क्षेत्रीय पत्रकारों को सम्मानित कर विद्यालय परिवार ने उन्हें उत्साहित एवं ऊर्जित किया। प्रधानाचार्य विजय कुमार श्रीवास्तव एवं सुमन प्रकाश श्रीवास्तव ने पत्रकारों के स्वागत एवं अभिनंदन के उपरांत विद्यालय के मेधावियों को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम में विद्यालय की नन्ही प्रतिभाओं ने अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया, हर प्रस्तुति पर समूचा सभागार करतल ध्वनि से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर इस अवसर पर अनूप कुमार शर्मा, मोहित त्रिवेदी, रामस्वरूप, सुरेश, लक्ष्मी मिश्रा, पूनम पूनम यादव, पारुल कटि?यार, रुबी मिश्रा, सुभन राज एवं मीनाक्षी उपस्थित रहीं।

## भारतीय योग संस्थान लखीमपुर का होली मिलन समारोह भव्यता के साथ संपन्न

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। भारतीय योग संस्थान लखीमपुर का होली मिलन समारोह स्थानीय गुरु नानक इंटर कॉलेज के सभागार में संरक्षक सेवक सिंह अजमांनी, प्रांतीय प्रधान पूर्वी उत्तर प्रदेश नरेश चंद्र वर्मा की गरिमामई उपस्थिति में व रमेश कुमार वर्मा जिला प्रधान की अध्यक्षता में तथा महिला जिला प्रधान श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव,मंत्री कामिनी मिश्रा,संगठनमंत्री डॉ0सुशीला सिंह की उपस्थिति में तथा जिला कार्यकारिणी सदस्यों,क्षेत्रीय प्रधानों,मंत्रियों,केंद्र प्रमुखों तथा सैकड़ों साधक साधिकाओं,संतोष दीक्षित उमाशंकर त्रिवेदी, अरविंद कुमार वर्मा,प्रेमपाल वर्मा,कमल किशोर बरनवाल ,शशिकांत श्रीवास्तव, की उपस्तिथि में नये जोश ख़रोश व सुरमई ताल, भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती की पूजन अर्चन कर माल्यार्पण,पुष्पांजलि, तथा रचना बरनवाल व मधु मिश्रा द्वारा गाई गई सरस्वती वंदना के साथ हुआ। होली गीत लक्ष्मी जायसवाल व वीणा मिश्रा की सुरमई आवाज ने काफी तालिया बटोरी । मनोरमा सिंह द्वारा फागुन गीत गाया गया जो सराहनीय रहा। होली गीत नृत्य दीक्षा



श्रीवास्तव ने नए अंदाज में प्रस्तुत किया जिसने सभी का मनमोह लिया और सर्वाधिक करतल ध्वनियां बटोरी। कार्यक्रम में दयानंद शुक्ला,गिरीश वर्मा,रामदीन राठौर,रामबहादुर मित्रा, वीरेंद्र वंशवार,तथा शत्रोहन लाल त्रिवेदी ने अपने अपने अंदाज में गीत,गजल,कविता तथा दिल को छू लेने वाले चुटकले पेश किए जो काफी प्रशंसनीय रहे। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर केंद्र के केंद्र प्रमुख का दायित्व शत्रुघ्न लाल त्रिवेदी को दिया गया तथा उत्कृष्ठ योगदान के लिए नागलक्ष्मी को सम्मानित किया गया। होली के शुभाशुभ ,रंगारंग अवसर पर डा0सुशीला सिंह,सेवक सिंह अजमानी,नरेश चंद्र वर्मा ,तथा अर्चना श्रीवास्तव ने होली गीत सहित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए होली की बधाइयां व शुभकामनाएं दी कार्यक्रम का संचालन रचना बरनवाल क्षेत्रीय प्रधान,अशोक तोलानी ,संगठन मंत्री तथा जिला मंत्री शिवराम वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। रमेश कुमार वर्मा जिला प्रधान ने उपस्तिथि योग समुदाय को होली की हार्दिक बधाइयां ,शुभकामनाएं ,आभार व धन्यवाद ज्ञापित करते हुए दिनांक 28 मार्च 2025 को आयोजित शंखप्रक्षालन में अधिकाधिक साधक,, साधिकाओं को भाग लेने हेतु प्रेरित किया। अंत में सभी ने होली गीत पर नृत्य कर फूल गुलाल की बौछार कर एक दूसरे को हार्दिक बधाइयां दी।

## रासलीला में आखिरी रात्रि लड्डू गोपाल ने अपने सखाओं और दर्शकों के साथ खेली होली



धौरहरा खीरी। संत श्रीतुलसीदास की कर्मस्थली श्रीराम वाटिका धाम में आयोजित श्री संत तुलसीदास महोत्सव और 27 लक्ष श्रीराम नाम महायज्ञ के समापन अवसर पर बुधवार को एक भव्य धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हुआ। इस मौके पर हजारों श्रद्धालुओं ने यज्ञ स्थल की परिक्रमा की और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुति दी। दिनभर चलने वाले इस महोत्सव के बाद रात्रि को रासलीला का आयोजन किया गया, जो बरसाना से आई रासलीला मंडली द्वारा प्रस्तुत किया गया। रासविहार, मयूर नृत्य और भव्य मंचन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। व्यास देवेंद्र पारासरजी के भजनों और रासविहार मयूर नृत्य ने भक्तों को आनंद की एक नई अनुभूति दी और वे पूरी तरह भक्तिरस में डूब गए।रात्रि के अंतिम कार्यक्रम में बृज की होली का आयोजन हुआ, जहां लड्डू गोपाल कृष्ण गोपाल के साथ भक्तगण और कमेटी के पदाधिकारी फूलों से होली खेले। इस मौके पर कान्हा को फूलों की चादर से ढक दिया गया, और कान्हा ने भक्तों पर पुष्प वर्षा की, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। इस आयोजन में समिति के अध्यक्ष भगौती प्रसाद शुक्ला, प्रबंधक रामकुमार शर्मा, अचल अवस्थी, योगेंद्र मिश्रा, रामबाबू शुक्ला, उपेन्द्र मिश्रा सहित अन्य कमेटी सदस्य भी उपस्थित थे।

## सुरक्षा एवं सुशासन के 8 वर्ष पूर्ण होने पर जन जागरण कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। उत्तर प्रदेश सरकार और उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के कम में 'यूपी भारत का ग्रोथ इंजन' एवं प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन के 8 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को जन सामान्य तक पहुँचाने के उद्देश्य से जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 25. 26 एवं 27 मार्च 2025 को किया गया। कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन करते हुए राजनीति विज्ञान के असि प्रोफ़ेसर सौरभ वर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा सम्बन्धी प्रमुख योजनाओं को विस्तार से बताया। कार्यकम प्रभारी प्रो. संजय कुमार ने उत्तर प्रदेश के शैक्षणिक ढांचों में पिछले 8 वर्षों में उन्नयन की स्थिति पर प्रकाश डाला तथा विकसित भारत की संकल्पना की सिद्धि में उत्तर प्रदेश सरकार के योगदान को इंगित किया। इसी कम में डॉ इष्ट विभु ने उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफलता पूर्वक कियान्वयन, समर्थ पोर्टल, मिशन शक्ति का उल्लेख





किया।अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे नव प्रयासों यथा शोध, नवाचार, गुणवत्ता आदि की प्रसंशा की। साथ ही स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना एवं बालिकाओं के विशेष प्रोत्सान हेतु शुरू की गई महत्वाकांक्षी रानी लक्ष्मी बाई स्कूटी योजना आदि की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के चीफ प्राक्टर प्रो. सुभाष चन्द्रा, प्रो. एस.के. पाण्डेय, डॉ. जे.एन. सिंह, प्रो मनोज मिश्र, डॉ मनोज कुमार, डॉ. ओ.पी. सिंह एवं असि. प्रोफ़ेसर श्वेतांक भारद्वाज व रचित कुमार शिक्षणेत्तर कर्मचारी, अभिभावकगण व बड़ी संख्या में छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे।

# चेन्नई में जीत के 17 साल के इंतजार को खत्म करने उतरेगा आरसीबी

एजेंसी

चेन्नई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में जब चेन्नई सुपरकिंग्स से भिड़ेगा तो टीम की नजरें यहां जीत के 17 साल के इंतजार को खत्म करने के लिए अपने अनुभवी बल्लेबाजों पर टिकी होंगी। आरसीबी ने चेपक में सुपरकिंग्स को सिर्फ एक बार हराया है और वह भी 2008 में टूर्नामेंट के पहले सत्र में। आरसीबी की मौजूदा टीम में सिर्फ स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ही उस मैच का हिस्सा थे और अब वह दूसरी बार सुपरकिंग्स के किले को भेदना चाहेंगे। हालांकि आरसीबी की राह आसान नहीं होगी। हमेशा की तरह चेन्नई की टीम स्पिनरों की मददगार पिच पर अपने घरेलू मैचों में विरोधी टीमों को कड़ी टक्कर देने को तैयार होगी। टीम के पास अनुभवी रविंद्र जडेजा हैं जो लंबे समय से टीम का हिस्सा हैं जबकि पिछले साल खिलाड़ियों की नीलामी के जरिए उन्होंने अपने 'पुराने खिलाड़ी' रविचंद्रन अश्विन को टीम के साथ जोड़ा है। चेन्नई की टीम ने अफगानिस्तान के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद को भी टीम में शामिल किया है और इस तिकड़ी ने कुछ दिन पहले पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। मुंबई के खिलाफ तीनों ने मिलकर 11 ओवर फेंके और 70 रन देकर पांच विकेट लिए। इस मैच में भी चेन्नई की पारंपरिक पिच देखने को मिलेगी और



कोहली की अगुआई में आरसीबी के बल्लेबाजों को अनुभवी गेंदबाजी आक्रमण को मात देने के लिए अपने खेल को बेहतर करना होगा। आरसीबी के बल्लेबाजी क्रम को सुपरकिंग्स के तीन आयामी स्पिन आक्रमण के खिलाफ पूरी तरह से आक्रामक होने की जगह अधिक चतुर होना होगा और कोहली को उनका नेतृत्व करना होगा। स्पिन का सामना करना हमेशा से कोहली की बल्लेबाजी का मजबूत पक्ष नहीं रहा है लेकिन पिछले दो वर्षों में उन्होंने इस विभाग में काफी सुधार दिखाया है। इस बदलाव का मुख्य कारण स्पिनरों के खिलाफ अधिक स्वीप और स्लॉग स्वीप खेलने की उनकी इच्छा है और कोहली को शुक्रवार शाम को होने वाले मैच में अपनी सारी विशेषज्ञता दिखानी होगी। कोहली को साथ ही फिल सॉल्ट, कप्तान रजत पाटीदार, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा जैसे बल्लेबाजों से समर्थन की जरूरत होगी। चेपक की पिच को देखते हुए आरसीबी संभवतः टिम डेविड की जगह जैकब बेथेल को एकादश में शामिल कर सकता है जो बाएं हाथ से स्पिन गेंदबाजी का विकल्प भी देते हैं। टीम की नजरें तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की फिटनेस पर भी होगी जो कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पहले मैच में चोट के कारण नहीं खेल पाए थे और अगर यह अनुभवी तेज गेंदबाज फिट होता है तो उन्हें रसिख सलाम की जगह एकादश में शामिल किया जाएगा।

## आरसीबी के लिए चेपक में खेलना बड़ी चुनौती, टीम संयोजन में बदलाव की जरूरत: वाटसन

एजेंसी



चेन्नई। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वाटसन ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) को शुक्रवार को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ अपने दूसरे आईपीएल मैच में चेपक की पिच की जरूरत के अनुसार अपने टीम संयोजन में बदलाव करना होगा। आरसीबी ने कोलकाता नाइट राइडर्स पर शानदार जीत दर्ज की लेकिन वाटसन का मानना है कि चेन्नई के खिलाफ उन्हें बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। वाटसन ने 'जियोस्टार' पर कहा, '' आरसीबी के लिए चेपक में खेलना एक बड़ी चुनौती होगी, विशेषकर सुपरकिंग्स के पास मौजूद बेहतरीन गेंदबाजों को देखते हुए। सुपरकिंग्स की ताकत का मुकाबला करने के लिए आरसीबी को अपने टीम संयोजन में बदलाव करने की जरूरत होगी। लेकिन कोई गलती नहीं करें चेपक एक किला है।'' अपने आईपीएल करियर में सुपरकिंग्स और आरसीबी दोनों के लिए खेलने वाले वाटसन ने चेन्नई के पास बेहतरीन स्पिनरों की मौजूदगी को घरेलू मैदान पर उनके दबदबे का मुख्य कारण बताया। वाटसन ने कहा, ''सुपरकिंग्स का पूरा ढांचा चेन्नई में बेहतरीन प्रदर्शन करने के इर्द-गिर्द बना है। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले तीनों स्पिनरों- अश्विन, जडेजा और नूर अहमद, को ही देखें। वे उस सतह पर वाकई बहुत उपयोगी साबित होंगे। उन्होंने कहा, ''नूर अहमद के सुपरकिंग्स के लिए पहले ही मैच में इतने प्रभावशाली प्रदर्शन से टीम का आत्मविश्वास ही बढ़ेगा क्योंकि उन्हें पता है कि उनके पास विकेट लेने का एक और विकल्प है। राजस्थान रॉयल्स के 2008 के खिताबी अभियान का हिस्सा रहे वाटसन ने कहा कि उनकी पूर्व टीम के पास अच्छे स्पिन विकल्पों की कमी है और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में यह बात सामने आई।

## संक्षिप्त समाचार

### एएफसी महिला एशियाई कप क्वालीफायर में भारत को ग्रुप बी में जगह मिली

**नयी दिल्ली।** भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम को एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए बृहस्पतिवार को ग्रुप बी में थाईलैंड, मंगोलिया, तिमोर लेस्ते और इराक के साथ जगह मिली। टूर्नामेंट का ड्रॉ कुआलालंपुर में एएफसी हाउस में आयोजित किया गया। थाईलैंड 23 जून से पांच जुलाई के बीच केंद्रीकृत एकल राउंड रोबिन प्रारूप में क्वालीफायर के ग्रुप बी की मेजबानी करेगा। ग्रुप विजेता फाइनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे जिसका आयोजन एक से 26 मार्च 2026 तक ऑस्ट्रेलिया के तीन शहरों में किया जाएगा। ड्रॉ के लिए छह मार्च की फीफा महिला विश्व रैंकिंग के आधार पर टीमों को वरीयता दी गई। महाद्वीप की शीर्ष प्रतियोगिता के 21वें सत्र के लिए आठ स्थान दांव पर लगे हैं जिसके लिए 34 टीम चुनौती पेश करेंगी। मेजबान ऑस्ट्रेलिया और एएफसी महिला एशियाई कप भारत 2022 की शीर्ष तीन टीम-गत चैंपियन चीन, उप विजेता दक्षिण कोरिया और तीसरे स्थान पर रहने वाले जापान को टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश मिला है। एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 से शीर्ष छह टीम फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### देश के शीर्ष सात शहरों में जनवरी-मार्च में कार्यालय स्थल पट्टा मांग 15 प्रतिशत बढ़कर 159 लाख वर्ग फुट: कोलियर्स

**नयी दिल्ली।** देश के सात प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च में कार्यालय स्थल की सकल पट्टा मांग वार्षिक आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 159 लाख वर्ग फुट हो गए। एक साल पहले समान अवधि में यह 138 लाख वर्ग फुट रही थी। रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया ने बृहस्पतिवार को भारत के कार्यालय बाजार के आंकड़े जारी किए। आंकड़ों के अनुसार, चालू तिमाही (जनवरी-मार्च) में बेंगलुरू में कार्यालय स्थल की सकल पट्टा मांग सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 45 लाख वर्ग फुट, चेन्नई में 93 प्रतिशत बढ़कर 29 लाख वर्ग फुट, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 32 प्रतिशत बढ़कर 33 लाख वर्ग फुट, मुंबई में 16 प्रतिशत बढ़कर 22 लाख वर्ग फुट और पुणे में 50 प्रतिशत बढ़कर 12 लाख वर्ग फुट हो गई। हालांकि हैदराबार और कोलकाता में कार्यालय स्थल सकल पट्टा मांग में गिरावट दर्ज की गई। हैदराबाद में यह 41 प्रतिशत घटकर 17 लाख वर्ग फुट और कोलकाता में 50 प्रतिशत की गिरावट के साथ एक लाख वर्ग फुट रह गई। कोलियर्स के कार्यालय सेवा (भारत) के प्रबंध निदेशक अर्पित मेहरोत्रा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि 2025 में आगे मांग में तेजी जारी रहेगी। इसे प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, विनिर्माण और बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं व बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्रों में अग्रणी कंपनियों की विस्तार योजनाओं से बल मिलेगा।

### सरकार ने 2025 रबी सत्र के लिए 37.39 लाख टन चना,मसूर की खरीद को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार ने 2025 रबी विपणन सत्र के लिए 37.39 लाख टन चना तथा मसूर और 28.28 लाख टन सरसों की खरीद को मंजूरी दी है। सरकार मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के अंतर्गत केंद्रीय नोडल एजेंसियों भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफ़ेड) और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) के माध्यम से जिंसों की खरीद करेगी, जिसमें राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात प्रमुख उत्पादक राज्य होंगे। चौहान ने कहा कि दलहनों की खरीद में 27.99 लाख टन चना और 9.40 लाख टन मसूर शामिल है। उन्होंने राज्य सरकारों से आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम पर न की जाए। खरीफ (ग्रीष्म) दालों के बारे में मंत्री ने कहा कि तुअर की खरीद 2.46 लाख टन तक पहुंच गई है, जिससे 1.71 लाख किसानों को लाभ हुआ है। तुअर, उड़द और मसूर की खरीद आंध्र प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र सहित नौ राज्यों से की जा रही है। चौहान ने पत्रकारों से कहा, '' आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना में एमएसपी पर खरीद जारी है। उत्तर प्रदेश में तुअर की कीमतें वर्तमान में एमएसपी से अधिक हैं और केंद्र नोडल एजेंसियों के जरिये 100 प्रतिशत खरीद के लिए प्रतिबद्ध है। कर्नाटक में खरीद अवधि 30 दिन बढ़ाकर एक मई कर दी गई है। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए अगले चार वर्षों तक इन दालों की खरीद करने की घोषणा की थी।

### ट्रंप के आयातित वाहन व घटकों पर शुल्क का भारत के वाहन क्षेत्र पर न्यूनतम प्रभाव पड़ेगा: जीटीआरआई

**नयी दिल्ली।** अमेरिका के पूर्ण निर्मित वाहनों और घटकों पर अप्रैल से 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा का भारत के मोटर वाहन उद्योग पर प्रभाव सीमित रहेगा और यह घरेलू निर्यातकों के लिए अवसर भी प्रस्तुत कर सकता है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्णतः निर्मित वाहनों (सीबीयू) और वाहन घटकों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की 26 मार्च को घोषणा की, जो तीन अप्रैल से लागू होगा। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, '' कैलेंडर वर्ष 2024 में भारत के वाहन तथा वाहन घटकों के निर्यात पर गौर करने से पता चलता है कि भारतीय निर्यातकों पर इन शुल्क का काफी कम प्रभाव होगा। शोध संस्थान ने कहा कि यात्री कारों के मामले में भारत ने 2024 में अमेरिका को मामूली 83 लाख अमरीकी डॉलर मूल्य के वाहन निर्यात किए। यह देश के कुल निर्यात 6.98 अरब अमरीकी डॉलर का केवल 0.13 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि इस नगण्य जोखिम का मतलब है कि शुल्क का भारत के फलते-फूलते कार निर्यात कारोबार पर कोई वास्तविक प्रभाव नहीं पड़ेगा और अन्य श्रेणियों में भी अमेरिकी जोखिम या तो कम है या इससे निपटा जा सकता है।

## अर्जेन्टीना को मेस्सी के 2026 विश्व कप तक खेलने की उम्मीद

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना यह साबित कर रहा है कि अगर स्टार खिलाड़ी लियोनल मेस्सी किसी भी कारण से 2026 विश्व कप में नहीं खेलने का फैसला करते हैं तो भी वह जीत सकता है। अर्जेंटीना ने अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली है और अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या 37 वर्षीय मेस्सी अपने छठे टूर्नामेंट में खेलेंगे और लगातार दो विश्व कप जीतने के लिए चुनौती पेश करेंगे। अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्कोलोनी ने कहा, ''हम देखेंगे कि क्या होता है, अभी बहुत समय है। उन्होंने कहा, ''हमें एक बार में एक मैच पर ध्यान देना चाहिए, नहीं तो हम पूरे साल एक ही बात के बारे में बोलते रहेंगे। हमें उसे अकेला छोड़ देना चाहिए, हम देखेंगे। वह जब चाहे तब फैसला करेगा। मंगलवार को विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के कुछ घंटों बाद अर्जेंटीना ने ब्राजील को विश्व कप क्वालीफाइंग में अब तक की सबसे बुरी 1-4 से शिकस्त दी।

## मैं बल्लेबाज की तरह सोचता हूं, यही मेरी ताकत है: मोईन अली

एजेंसी

गुवाहाटी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर मोईन अली ने बुधवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन से टीम को पहली जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 2 विकेट लेकर 23 रन दिए और खासकर नितीश राणा को क्लासिक ऑफ-स्पिन गेंद से बोल्ड कर सबका ध्यान खींचा। पोस्ट-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोईन अली ने अपनी गेंदबाजी की रणनीति पर बात करते हुए कहा, ''मैं हमेशा बल्लेबाज की तरह सोचता हूं, यही मेरी ताकत है। इससे मुझे यह समझने में मदद मिलती है कि सामने वाला बल्लेबाज क्या करने की कोशिश कर रहा है। केकेआर को अपने प्रमुख स्पिनर और पिछले सीजन के सबसे मूल्यवान खिलाड़ी सुनील नारायण की गैरमौजूदगी में एक असरदार गेंदबाज की जरूरत थी। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मोईन अली पर भरोसा जताया और उन्होंने अपने फ्रेंचाइजी डेब्यू मैच में शानदार प्रदर्शन



करते हुए 2 विकेट लेकर 23 रन दिए। वरुण चक्रवर्ती (2/17) की किफायती गेंदबाजी के साथ, मोईन अली ने भी शानदार स्पिन आक्रमण किया और राजस्थान रॉयल्स को गुवाहाटी में 151/9 के स्कोर पर रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मोईन ने इस मुकाबले में खुद को 'दूसरे स्पिनर' की भूमिका में सहज बताया और कहा कि यह भूमिका उन्हें हमेशा पसंद रही है। मोईन अली ने कहा, ''मैं वरुण से पहले गेंदबाजी करने आया, इसलिए मेरी जिम्मेदारी थी कि मैं जितना हो सके कसी हुई गेंदबाजी करूं, ताकि वह दबाव बना सकें और विकेट निकाल सकें। मैं हमेशा ऐसे स्पिनर के साथ गेंदबाजी करता रहा हूं, जो मुझसे बेहतर होता है और जिसके पास मुझसे ज्यादा विविधताएं होती हैं। इसलिए मेरी भूमिका यही रहती है कि मैं रन रोकूं और दूसरे गेंदबाज के लिए विकेट लेने का मंच तैयार करूं। मोईन अली ने यशस्वी जायसवाल का विकेट चटकाया, लेकिन उन्होंने जिस तरह से नितीश राणा को क्लासिक ऑफ-स्पिन डिलीवरी पर बोल्ड किया, वह सबसे ज्यादा सुर्खियों में रहा। उन्होंने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ''यह गेंद वास्तव में अच्छी थी। मैंने बस सही क्षेत्र में गेंदबाजी करने और उसे जितना संभव हो सके स्पिन कराने की कोशिश की। मेरी ताकत यह है कि मैं एक बल्लेबाज की तरह सोचता हूं, जिससे मुझे यह अंदाजा रहता है कि सामने वाला बल्लेबाज क्या सोच रहा होगा। मोईन अली, जो पिछले सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सिर्फ 48 गेंदें ही डाल पाए थे, ने बताया कि उन्हें केकेआर की प्लेइंग इलेवन में शामिल किए जाने की जानकारी मैच के दिन सुबह ही मिली। मोईन ने कहा, ''मैं हमेशा तैयार रहने की कोशिश करता हूं। मुझे सुबह पता चला कि सुनील नारायण बीमार हैं और मुझे खेलने के लिए तैयार रहना होगा। उनकी जगह लेना मुश्किल है, लेकिन मैंने अपना काम अच्छे से करने की कोशिश की। स्पिन-अनुकूल पिच पर प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, ''आज की पिच से स्पिनरों को मदद मिल रही थी। ऐसे विकेटों पर आप 300 रन नहीं बना सकते, शायद 200 भी मुश्किल हो जाए। यह अच्छी बात है कि हाई-स्कोरिंग मुकाबलों के बीच ऐसे मैच भी हो रहे हैं। मोईन अली भले ही केकेआर की पहली पसंद नहीं थे, लेकिन उन्होंने इसे लेकर कोई शिकायत नहीं जताई।

## स्वियातेक को हराकर एलेक्सांद्रा इयाला सेमीफाइनल में

मियामी गार्डन्स (अमेरिका)। एलेक्सांद्रा इयाला ने मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में एक और उलटफ़ेर करते हुए क्वार्टर फाइनल में पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन और दूसरी वरीय ईगा स्वियातेक को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। बाएं हाथ की 19 साल की खिलाड़ी एलेक्सांद्रा ने स्वियातेक को एक घंटे और 37 मिनट में 6-2, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। महिला पेशेवर टूर पर फिलिपीन्स का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र खिलाड़ी एलेक्सांद्रा को इस डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता के लिए वाइल्ड कार्ड मिला है और वह दुनिया की 140वें नंबर की खिलाड़ी हैं। सेमीफाइनल तक के अपने सफर के दौरान एलेक्सांद्रा ने अब तक तीन ग्रैंडस्लैम विजेताओं को हराया है। सेमीफाइनल में एलेक्सांद्रा की भिड़ंत अमेरिका की जेसिका पेगुला और ब्रिटेन की ऐमा राडुकानु के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगी।

## सर्राफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में आज मजबूती नजर आ रही है। आज के कारोबार में सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं की कीमत में उछला आया है। सोना आज 120 रुपये से लेकर 130 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। आज की तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 89,410 रुपये से लेकर 89,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 81,960 रुपये से लेकर 82,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,02,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 89,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 82,110 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 89,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 81,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 89,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 82,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 89,410 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 81,960 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 89,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 81,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 89,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 82,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 89,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 82,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 89,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 82,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 89,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## आयकर विभाग के कार्यालय 29-31 मार्च को खुले रहेंगे: सीबीडीटी

नयी दिल्ली, 27 मार्च (भाषा) करदाताओं को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लंबित कर संबंधी कामकाज निपटाने में सुविधा प्रदान करने के लिए देशभर में आयकर विभाग के कार्यालय 29 से 31 मार्च तक खुले रहेंगे। चालू वित्त वर्ष, 31 मार्च को समाप्त हो रहा है। सप्ताहांत और सोमवार को पड़ने वाली ईद-उल-फितर के बावजूद देश भर में आयकर विभाग के कार्यालय खुले रहेंगे। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आदेश में कहा, '' लंबित विभागीय कार्यों को पूरा करने की सुविधा के लिए समूचे भारत में सभी आयकर कार्यालय 29, 30 और 31 मार्च 2025 को खुले रहेंगे। चालू वित्त वर्ष का अंतिम दिन 31 मार्च 2025 है। इसलिए इस वित्त वर्ष से संबंधित सभी सरकारी भुगतान और निपटान उसी दिन तक पूरे करने होंगे। 2023-24 के लिए अद्यतन आय कर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि भी 31 मार्च है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने

## केंद्र ने 15वें वित्त आयोग अनुदान के तहत कर्नाटक और त्रिपुरा के लिए 436 करोड़ से ज्यादा किए जारी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए त्रिपुरा और कर्नाटक में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान की दूसरी किस्त 436 करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि जारी कर दी है। इससे स्थानीय शासन को मजबूती मिलेगी और ग्रामीण परिवर्तन को बढ़ावा मिलेगा। पंचायती राज मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि केंद्र सरकार ने वित्?त वर्ष 2024-25 के लिए त्रिपुरा और कर्नाटक में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान की दूसरी किस्त को जारी कर दी है। केंद्र सरकार ने त्रिपुरा में 589 पात्र ग्राम पंचायतों के साथ-साथ सभी ब्लॉक पंचायतों, जिला पंचायतों और पारंपरिक स्थानीय निकायों को लाभ पहुंचाने के लिए अनटाइड ग्रांट (दूसरी किस्त) के 31.1259 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। वहीं, कर्नाटक के 5375 पात्र ग्राम पंचायतों के लिए अनटाइड ग्रांट (दूसरी किस्त) में 404.9678 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं, जिससे राज्यभर में ग्रामीण स्थानीय निकायों को सहायता मिलेगी। मंत्रालय के मुताबिक अनटाइड ग्रांट का उपयोग विभिन्न समुदाय और विशिष्ट जरूरतों के लिए किया जा सकता है। इनका उद्देश्य स्थानीय बुनियादी ढांचे और विकास परियोजनाओं को बढ़ाना है। इसके अलावा अनटाइड ग्रांट का स्वच्छता (खुले में शौच मुक्त स्थिति, अपशिष्ट प्रबंधन और मल प्रबंधन के रखरखाव सहित) और पेयजल (वर्षा जल संचयन और जल पुनर्चक्रण सहित) के महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से आवंटित किया जाता है।

## सात प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च में घरों की बिक्री में 28 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश के सात प्रमुख शहरों में ऊंची कीमतों और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच जनवरी-मार्च अवधि में मकानों की बिक्री सालाना आधार पर 28 प्रतिशत घटकर 93,280 इकाई रहने का अनुमान है। रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने कहा, '' आवास कीमतों में आसमान छूती तेजी और भू-राजनीतिक स्थिति प्रतिकूल होने की वजह से 2025 की पहली तिमाही (जनवरी-मार्च) में भारतीय आवास बाजार की रफ्तार धीमी हो गई है।'' आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च, 2025 में घरों की कुल बिक्री 93,280 इकाई रहने का अनुमान है, जो एक साल पहले की समान अवधि के 1,30,170 इकाई के आंकड़े से 28 प्रतिशत कम है। देश के सात प्रमुख शहरों में से दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मकानों की बिक्री जनवरी-फरवरी में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 93,280 इकाई होने का अनुमान है। वहीं मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में आवासीय संपत्तियों की बिक्री 26 प्रतिशत घटकर 31,610 इकाई, बेंगलुरु में 16 प्रतिशत घटकर 15,000 इकाई, पुणे में 30 प्रतिशत घटकर 16,100 इकाई, हैदराबाद में 49 प्रतिशत घटकर 10,100 इकाई और चेन्नई में 26 प्रतिशत घटकर 4,050 इकाई और कोलकाता में आवासीय संपत्तियों की बिक्री के 31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,900 इकाई रहने का अनुमान है।

## बीआईएस ने अमेजन, फ्लिपकार्ट के गोदामों पर छापेमारी की, घटिया सामान किया जब्त

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने ई-कॉमर्स कंपनियों पर सख्?त कार्रवाई की है। बीआईएस ने अमेजन और फ्लिपकार्ट के गोदामों पर छापेमारी कर ऐसे हजारों गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों का उल्लंघन वाले उत्पादों को जब्त किया है, जिनकी कीमत करीब 70 लाख रुपये है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि बीआईएस ने ई-कॉमर्स कंपनियों पर कार्रवाई करते हुए अमेजन और फ्लिपकार्ट के गोदामों से बिना आईएसआई मार्क वाले हजारों सामान जब्त किए हैं। इन समानों का



कोई उचित गुणवत्ता प्रमाणपत्र नहीं था। मंत्रालय के मुताबिक भारतीय राष्ट्रीय मानक निकाय बीआईएस के अधिकारियों ने मोहन सहकारी औद्योगिक क्षेत्र में अमेजन सेलर्स प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम में 19 मार्च को 15 घंटे तक चली छापेमारी में बिना आईएसआई मार्क वाले और नकली आईएसआई लेबल वाले गीजर और फूड मिक्सर सहित 3,500 से अधिक इलेक्ट्रिकल उत्पाद जब्त किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 70 लाख रुपये है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि पिछले एक महीने में बीआईएस टीम ने देश के विभिन्न हिस्सों में इसी तरह की कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के तहत दिल्ली, गुड़गांव, फरीदाबाद, लखनऊ और श्रीपेरंबदूर में कई घटिया सामान जब्त किए हैं। ये छापे उपभोक्ता संरक्षण के लिए गुणवत्ता मानकों के अनुपालन को लागू करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो के चल रहे प्रयासों का हिस्सा हैं। मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान में विभिन्न नियामकों और भारत सरकार के संबंधित मंत्रालयों द्वारा अनिवार्य प्रमाणन के लिए 769 उत्पादों को अधिसूचित किया गया है। बीआईएस से वैध लाइसेंस या अनुपालन प्रमाणपत्र (सीओसी) के बिना इन उत्पादों का निर्माण करना, आयात, वितरण, बिक्री, किराए पर लेना, पट्टे पर देना, भंडारण या प्रदर्शन (बिक्री के लिए) करना प्रतिबंधित है। यदि कोई भी व्यक्ति, जो इस आदेश के प्रावधानों का उल्लंघन करेगा, उसे बीआईएस अधिनियम, 2016 की धारा 29 की उपधारा (3) के तहत कारावास, जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की साई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ई-लाटरी के द्वितीय चरण में 505 आवेदन हुए प्राप्त, 39 दुकानें हुई आवंटित: डीएम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




कानपुर। आबकारी नीति के तहत ई-लाटरी के द्वितीय चरण के लिए जनपद में कुल 51 दुकानों में से 39 दुकानों पर 505 आवेदन प्राप्त हुये। जिसे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सकुशल सम्पन्न कराया गया। यह जानकारी गुरूवार को नवीन सभागार, सरसैया घाट में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने दी।

जिलाधिकारी ने बताया कि द्वितीय चरण के ई-लाटरी के लिए जनपद में कुल 51 दुकानों में से 39 दुकानों पर 505 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमे देसी शराब की 28 दुकानों पर कुल 443 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं कम्पोजिट दुकान के 3 दुकानों पर 46 आवेदन, मॉडल शॉप की 2 दुकानों पर 6 आवेदन तथा भांग की 6 दुकानों पर 10 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि आईआईटी कानपुर और आईईटी लखनऊ के द्वारा डेवलप की गयी सॉफ्टवेयर प्रोग्राम जोकि प्राब्लिटी पर आधारित है, के द्वारा ई-लाटरी निर्धारित समय स्लॉट 10 बजे से 11:45 के मध्य सिमुलेशन तथा रैण्डमाइजेशन प्रक्रिया द्वारा सकुशल सम्पन्न कराया गया है। जिसमे देशी शराब की 28, कम्पोजिट शॉप की 3, मॉडल शॉप की 2 तथा भांग की 6 दुकानों को सफल आवेदकों को आवंटित किया गया। सफल आवंटियों को 03 कार्यदिवस में निर्धारित बेसिक लाइसेंस फीस / लाइसेंस फीस ऑनलाइन चालान के माध्यम से जमा करना है। अवशेष 12 दुकानों का व्यवस्थापन तृतीय चरण की ई-लाटरी के माध्यम से सम्पादित किया जायेगा।

## पुष्पा फ़िल्म की तर्ज़ पर गांजे की तस्करी, 7 लाख के गांजे के साथ 2 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

आज़मगढ़। स्वाट और रानी की सराय पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुष्पा फिल्म की तर्ज पर ऑटो में गुप्त चैंबर बनाकर गांजा की तस्करी कर रहे दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान पुलिस ने ऑटो में बने गुप्त चैंबर से 70 किलोग्राम गांजा बरामद किया। गिरफ्तार तस्कर उड़ीसा प्रान्त से गांजा लेकर बिहार और देवरिया जिले में सप्लाई करते थे। पुलिस लाइन सभागार में गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी सिटी शैलेंद्र लाल ने बताया कि बीती रात थाना रानी की सराय व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सेमरहा अण्डर पास से चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध आटो वाहन को रोका गया। तलाशी ली गई तो उक्त वाहन की छत पर चेम्बरनुमा बाक्स जिस पर लोहे की जाली लगी थी उसमें गांजा लदा हुआ पाया गया। चेम्बर से कुल 70 किलो 200 ग्राम गांजा जिसकी कीमत करीब 7 लाख है बरामद हुआ। इसके साथ ही 1000 नकद, मोबाइल फोन भी बरामद हुआ। इस दौरान वाहन चालक मास्टर साहनी पुत्र अम्बिका साहनी, निवासी एकडेरवा वार्ड नं. 11, थाना व जनपद गोपालगंज, बिहार और सुरेन्द्र यादव पुत्र स्व.रामजीत यादव, निवासी छित्रवली टड़वा, थाना खामपार जिला देवरिया को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों तस्करों ने बताया कि वे पुष्पा फ़िल्म देखे, जिसके बाद उन्होंने भी उसी तर्ज पर गांजे की तस्करी शुरू की। इसके लिए उन्होंने आटो की छत पर अलग से लोहे की पट्टियों से चैम्बरनुमा बाक्स बना है जिसमें गांजे का बण्डल रखकर झारसुगुड़ा, उड़ीसा से व्यापारियों से खरीदकर सोनभद्र, चन्दौली, आजमगढ़ के रास्ते बिहार ले जा रहे थे। एसपी सिटी ने बताया कि पुष्पा फ़िल्म की तर्ज़ पर अभी दो माह पहले ही इन्होंने ऑटो में चेम्बरनुमा जगह बनाकर दो बार गांजे की तस्करी की है।

# अधिवक्ता राजेश सिंह हत्या मामले में वकीलों ने जताया रोष, जिलाधिकारी से मुआवजे की मांग




राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर। अधिवक्ता राजेश सिंह की हत्या के मामले में वकीलों ने विरोध जताते हुए मृतक वकील की हत्या का मुकदमा फ़ास्ट ट्रैक में चलाने व उनके परिवार की आर्थिक सहायता करने की मांग रखी है। साथ ही अधिवक्ता प्रोटेक्शन कानून लागू करने के लिए गुरूवार को जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह से कलेक्ट्रेट सभागार में मिलकर ज्ञापन दिया हैं। वहीं अधिवक्ताओं पर हो रहे हमले का कड़ा विरोध जताया है। जिलाधिकारी ने बताया कि वकीलों द्वारा अधिवक्ता राजेश सिंह की हत्या के विरोध में मुझे ज्ञापन के ज़रिये अवगत कराया है। उनकी मांग है कि मृतक अधिवक्ता के परिजन को कम से कम एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी दी जाए। राजेश सिंह की हत्या में शामिल दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध फ़ास्ट ट्रैक न्यायालय में कठोर से कठोर कानूनी कार्यवाही करवाई जाए। इसके अलावा अधिवक्ताओं के ऊपर हो रहे हमलों, हत्याओं एवं झूठे मुकदमे आदि की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाए जाएं। उन्होंने बताया कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा एवं भय मुक्त वातावरण के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराया जाए। साथ ही यह भी कहा गया कि उक्त मांगे ना पूरी होने तक कानपुर के समस्त अधिवक्ता हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे।

# एक दर्जन बदमाशों ने मकान पर बोला धावा, मालिक और नौकर को मरणासन्न कर लाखों की लूट

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बाराबंकी। रामनगर थाना क्षेत्र के जारोड़ा गांव में आज भोर पहर बेखौफ एक दर्जन बदमाशों ने पोल्ट्री फार्म में धावा बोलकर पोल्ट्री फार्म के मालिक व नौकर को मरणासन्न कर लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। लूट की घटना की जानकारी पाकर एसपी दिनेश सिंह एएसपी विकाश चंद्र त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे। घायल मकान मालिक की पत्नी से बातचीत कर घटना के जल्द खुलासे की बात कही है। गुरुवार की भोर पहर करीब 3 बजे रामनगर थाना क्षेत्र के जुरौडा गांव में दिल्ली से आए बाबूलाल वर्मा के घर में बाहर लगा लोहे का दरवाजा तोड़ दर्जन भर बदमाश मकान के अंदर घुस गए और सोये हुए बाबूलाल वर्मा व उनके नौकर अजय कुमार सिंह को लाठी डंडों व अन्य हथियारों से पीट पीट कर मरणासन्न कर उसके बाद घर रखा लाखों के जेवरात व नकदी के साथ खड़ी हुई बैंगन आर कार को भी लेकर फरार हो गए।अभी कुछ दिन पहले ही बाबूलाल वर्मा ने पोल्ट्री फार्म और डेयरी का निर्माण कराया था और उसी में मकान बनाकर रह भी रहे थे। बदमाश जाते जाते लोहे का दरवाजा व सीसी टीवी कैमरा भी उखाड़ ले गए। जानकारी पाकर सुबह 5 बजे पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंच गए।उन्होंने बाबूलाल की पत्नी से पूछताछ की ।घायल बाबूलाल वर्मा व उनके नौकर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में भर्ती कराया गया था। जहां गंभीर हालत को देखते हुए दोनों घायलों को रेफर कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने घटना के जल्द से जल्द खुलासे की बात कही है।

# पहले फोटो के चेहरे का मिलान किया फिर मैनेजर के सीने में झोंक दिया फायर, किसान को भी मारी गोली

गाजियाबाद। मोदीनगर थाना मोदीनगर थाना क्षेत्र के गांव अमराला में इस सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। यहां पर बुधवार की रात में एक निजी कम्पनी के मैनेजर का कार में सवार बदमाशों में पहले फोटो देखकर मिलान किया और फिर उसके सीने में गोली मार दी। इतना ही नहीं दुस्साहसी बदमाशों ने अपनी पत्नी व बहन को भी तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया। बदमाशों ने घटना को अंजाम देते वक्त यह भी कहा कि उन्हें इस वारदात को अंजाम देने के लिए 25 लाख रुपये की सुपारी मिली है। इतना ही नहीं इसी गांव में इन बदमाशों ने किसान अमरजीत को भी गोली मार दी और फरार हो गए। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। निजी कंपनी में मैनेजर पद पर कार्यरत गांव अमराला निवासी रजनीश शर्मा बुधवार रात 10:30 बजे के आसपास अपनी पत्नी रचना शर्मा व बहन कविता शर्मा के साथ खेत की ओर टहलने गए थे। वह टहलते हुए जब वह गांव के पट्टी मार्ग पर पहुंचे। इसी दौरान उन्हें एक कार खड़ी दिखाई दी , जिसकी लाइट जल रही थी। इसी बीच कविता शर्मा ने अपने भाई रजनीश से कहा कि शायद आगे युवक शराब पी रहे, इसलिए वापस चलते हैं। इसी दौरान तीन युवक पहुंचे पास और अपने हाथ में ले रहे फोटो देखकर रजनीश के सीने में गोली मार दी। गोली लगते ही रजनीश लहूलुहान होकर नीचे गिर गए। शोर मचाने पर बदमाशों ने कहा कि रजनीश व उसकी पत्नी रचना को मारने की 25 लाख रुपए सुपारी मिली है। इतना ही नहीं विरोध करने पर बदमाश महिलाओं को बंधक बनाकर खेत में ले गए और तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। इसके बाद परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह संपादक**
डॉ. सुशीलचन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**स्थानीय संपादक**
डा. एम.ए.ए.खान (लखनऊ)
(आई.ए.एस. से.नि.)

**डा. ओम प्रकाश**
(आई.ए.एस. से.नि.)

स्थानीय संपादक नोएडा/एनसीआर

**समन्वय संपादक**
आशुतोष रंजन

**समन्वय संपादक/महाप्रबंधक**
अनिल तिवारी

**साहित्यक संपादक**
आर.पी. शुक्ल, आई.ए.एस(से नि.)

**आध्यात्मिक संपादक**
श्री राम महेश मिश्र

**सह संपादक**
ताहिर इकबाल
आई.ए.एस(से नि.)

**सह संपादक**
मेजर. के. किशोर

**सह संपादक**
हरीशंकर शुक्ल (पी.पी.एस. से.नि.)

**उप सम्पादक**
प्रभात वर्मा

**स्टेट क्वार्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**


कार्यालय फोन नं. : 0522-46 43988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल : noidarp@gmail.com
प्रधान कार्यालय : - एफ1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशांतगंज लखनऊ,(उप्र)


# चम्बल से निकली गार्गी मचा रहीं दुनिया में धूम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



औरैया। कहते हैं कि राजा हमेशा प्रजा के हित व कल्याण के लिए सोचते हैं । आज उसी कहावत को चरितार्थ किया है भरेह स्टेट की वंशज युवा प्रेणा बेबी शाह गार्गी ने लेटर प्रोडक्टओ के सामने नॉन बेजिटेरियाँ बैग का निर्माण करा कर उनकी मार्केट में बेहतर मांग को सुनिश्चित ही नहीं कराया वरन होने वाली आय को फैसला जो कर डाला ।

गौतलब है कि आज के मौजूदा दौर में जहाँ लोग चमड़े से निर्मित बैग बेल्ट जैकेट आदि पर अपनी निर्भरता रखते थे और अनावश्यक पैसा भी बर्बाद कर लग्जरी जीवन की महत्वाकांक्षा पाल रहे थे। ऐसे में भरेह स्टेट की होन हार वंशज बेबी शाह ने अपने एक फैसले से दुनिया में एक नई नजीर पेश कर डाली जो कि वन्यजीवों और पालतू जानवरों की चमड़ी व मास से उत्पादित वस्तुओं को प्राकृतिक संसाधनों से निर्मित बैग बैल्ट जैकेट आदि का इस्तेमाल करने की मिसाल पेश की है। बेबी शाह ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्वजों के त्याग व बलिदान से प्रेरित हो कर उनके मन में समाज के उद्धार व कल्याण की भावना रही है और समाज को एक नई दिशा देने के लिए कर्मेजो नामक संस्था का गठन कर ग्लोबल मार्केट अपने उत्पादों से होनी वाली आय को ग़रीब कल्याण में लगाने का काम करेगा जहाँ लग्जरी जीवन की महत्व आकांक्षा लिये बैठे समाज के बड़े तबके को जैविक व प्रकृति संसाधनों से मुहैया सामग्री को उपलब्ध कराया जायेगा व उससे प्राप्त होने वाली आय को गरीबों व जरूरतमन्दों को दिया जाएगा । कर्मेजो एनवायरमेंट फैब्रिक प्रोडक्शन को फाउंडर रानीसा मुनीन्द्र कुमारी ने बताया कि उन्होंने पेटा ऑर्गेनाइजेशन के दिशा निर्देशन में अपनी नातिन बेबी शाह की पहल को आगे बढ़ाया है और ग्लोबल मार्केटिंग में करमोजो के उत्पादों की भारी डिमांड भी सामने आ रही है।उन्होंने बताया कि हमारे पूर्वज महाराज रूप सिंह की जन कल्याण व जीव कल्याण की भावना को आगे ले जाते हुए कर्मेजो ब्रान्ड की स्थापना कर रही है। 1857 प्रथम स्वाधीनता संग्राम के जननायक कुँअर रूप सिंह के किला को अंग्रेजों के द्वारा तोपों से ध्वस्त कर दिया था। भरेह रियासत में महारानी लक्ष्मीबाई को अपने किले में एक दिन ठहरा कर ग्वालियर के किले को फतह किया था ।

# छात्रा से छेड़छाड़, तमंचे की नोक पर धमकी का अभियुक्त मुठभेड़ में गिरफ्तार, गोली लगी


राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम ने बुधवार देर रात छात्रा से छेड़छाड़ और विरोध करने पर तमंचे की नोक पर धमकी देने वाले अभियुक्त जीशान अली को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। गोली लगने से घायल अभियुक्त को अस्पताल में भर्ती कराया गया।अपर पुलिस अधीक्षक देहात अखिलेश भदौरिया ने बताया कि थाना शिकोहाबाद क्षेत्र अन्तर्गत एक छात्रा के साथ जीशान अली पुत्र फरमान अली कॉलेज आते-जाते समय छेड़ाछाड़ एवं अशोभनीय टिप्पणी करता था। शिकायत करने पर जीशान ने छात्रा की कनपटी पर तमंचा लगाकर जान से मारने की धमकी दी। जिसकी रिपोर्ट छात्रा के पिता ने 26 मार्च को थाने पर दर्ज कराई थी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 2 पुलिस टीमों का गठन किया। उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी शिकोहाबाद प्रदीप कुमार पुलिस टीम के साथ बुधवार की देर रात क्षेत्र में गश्त पर थे तभी सूचना मिली कि वांछित अभियुक्त जीशान अली किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में दिखतौली नहर पुल के पास घूम रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक संदिग्ध युवक को रोका तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी। जिसे घायल अवस्था में पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की पहचान वांछित अभियुक्त जीशान अली के रूप में हुई है।

# सिद्ध पीठ हनुमत निवास के संस्थापक स्वामी गोमतीदास महाराज की पुण्यतिथि पर होगा धामगमन का उत्सव-भण्डारा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

## स्वामी गोमतीदास के आग्रह पर श्रीहनुमान पत्थर में दर्शन देने लगे, चित्रकूट से मूर्ति लेकर अयोध्या आए




अयोध्या। राम नगरी में प्रतिष्ठित, शीर्ष, सिद्ध हनुमत पीठ हनुमत निवास मंदिर का अपना एक अलग स्थान है। मंदिर की स्थापना पूज्य स्वामी श्री गोमतीदास जी महाराज ने की थी। उनकी पुण्यतिथि पर गुरुवार को धामगमन का उत्सव-भण्डारा होगा। मंदिर के वर्तमान महंत मिथिलेश नंदनी शरण महाराज ने मंदिर संस्थापक श्री महाराज जी के संदर्भ में बताया कि इकहरी काया, तीक्ष्ण एवं बोलते हुये नेत्र, सघन पञ्चकेश, ऊर्ध्वपुण्ड्र शोभित भाल एवं भावपूर्ण मुखमुद्रा के साथ गोद में श्रीहनुमान् जी महाराज को सँभाले एक तपस्वी सन्त अयोध्या धाम के सन्त सद्गृहस्थों के आकर्षण और आदर का विषय हैं। श्रीलक्ष्मणकिला, नृत्यराघव कुञ्ज, सेठ प्रह्लाददास जी द्वारा नवनिर्मित सन्त निवास और श्रीहनुमानगढ़ी आदि स्थलों पर कभी-कभी दर्शन देते हुये इन महाविभूति के बारे में पर्याप्त सम्भ्रम है। कोई कहता है श्री हनुमान् जी के इनको इच्छा-दर्शन होते हैं, कोई कहता है इनसे हनुमान् जी महाराज बातचीत करते हैं, कोई कहता है युगलसरकार का दर्शन इनको प्राप्त है और कोई कहता है कि चित्रकूट में सुदीर्घ तपस्या करके आये ये बड़े पहुँचे हुये सिद्ध हैं। पर बात असल में ये है कि - छ्ये छिपी हुई इक सच्चाई इसे जानने वाले जानते हैंङ्क और ये जानने वाले हैं रसिक शिरोमणि पूज्य पण्डित श्रीजानकीवरशरण जी महाराज, जिनके पास स्वामी विवेकानन्द दर्शनार्थ पधारे हैं। जानने वाले हैं पूज्य पण्डित श्रीरामवल्लभाशरण जी महाराज जिनका ज्ञान-वैराग्य किसी आश्चर्य से कम नहीं। जानने वाले हैं परम नामानुरागी श्रीरूपकला जी महाराज। सम्पूर्णप्राय भारत का भ्रमण करके श्री अयोध्या धाम में रमे इन विलक्षण सन्त को पूज्य स्वामी श्रीगोमतीदास जी महाराज के नाम से जाना जाता है। दुर्ग्याने के श्रीराममन्दिर के सिद्ध सन्त स्वामी श्रीसरयूदास जी महाराज के कृपापात्र इन सन्त को लक्ष्मणकिले के प्रथम महान्त पूज्य श्रीपण्डित जी महाराज ने विशेष अनुग्रहपूर्वक रसिकोचित सम्बन्ध दीक्षा प्रदान की है। इस सम्बन्ध से श्रीगोमतीदास जी महाराज 'श्रीमतीशरण' कहलाते हैं। श्रीपण्डित जी महाराज ने आपको लाकर चण्डीपुर वाले मन्दिर में स्थापित किया है। आपके उपास्य श्रीहनुमान् जी इस मन्दिर में विशेष उत्सव करके पधराये गये हैं और चण्डीपुर वाला मन्दिर श्रीहनुमत्-निवास हो गया है। महाराज जी ने बताया कि सिद्धों की सराय कहलाने वाली श्रीरामपुरी अयोध्या में एक नया चरित्र लोगों के चित्त पर चढ़ा है-परम सिद्ध स्वामी श्री गोमतीदास जी महाराज। होशियारपुर-पंजाब के मुकेरियाँ का जन्म, अमृतसर (दुर्ग्याने) की गुरुपरम्परा, आचार्यपीठ श्रीलक्ष्मणकिले की उपासना, भक्तवाञ्छाकल्पतरु श्रीहनुमान् जी की एकनिष्ठ आराधना, सतत तप-अनुष्ठान और सन्त-सेवा की अजस्त्र परम्परा ने श्रीहनुमत्-निवास को सिद्धपीठ श्रीहनुमत्-निवास बना दिया है। इसी सिद्धपीठ के परम रसिक समाधिसिद्ध महापुरुष स्वामी श्रीरामकिशोर शरण 'कोठेवाले' सरकार की ख्याति चतुर्दिक है। अनन्य भाव से समाराधन में लीन रहने वाले 'सन्तुष्टः येनकेनचित' पूज्य स्वामी श्रीसियारघुनाथ शरण जी महाराज श्री हनुमत्-निवास के समुज्जवल रत्न रहे हैं। आधुनिक अयोध्या की उत्कान्त वैचारिकी एवं प्राचीन अयोध्या की आत्मवत्ता के प्रतिनिधि रहे परमपूज्य श्री फलाहारी जी महाराज इसी परम्परा के कीर्त्ति-कुसुम हैं। सिद्धपीठ श्रीहनुमत्-निवास की स्थापना के बाद इसकी परम्परा को इसके संस्थापक स्वामी श्रीगोमतीदास जी महाराज ने अपने विरक्त शिष्य श्री रघुनन्दनशरण जी महाराज को सौंपा। प्रथम महान्त के रूप में आश्रम की साधना और सेवा को आपने समाज की विशेष श्रद्धा का केन्द्र बना दिया। प्रायः सम्पूर्ण भारतवर्ष में विस्फीत शिष्य समुदाय, दुःख-शोकादि से निवृत्ति के लिये बँटने वाली नित्य होम की विभूति, श्रीहनुमान् जी महाराज की जयन्ती और छठी महोत्सव का अद्वितीय आयोजन तथा श्रीराम जन्मभूमि जैसे प्रसंग में सक्रिय भूमिकाओं ने स्वामी श्रीरघुनन्दनशरण जी महाराज को अयोध्या की प्रथम पंक्ति में ख्यापित किया। महाराज जी ने बताया कि विक्रम की 19वीं शती के मध्यकालीन सात दशकों को अपनी उपस्थिति से आलोकित करने वाले पूज्य स्वामी श्री गोमतीदास जी महाराज ने चैत्र कृष्ण त्रयोदशी को अपने आराध्य प्रभु की नित्य सेवा में प्रवेश किया।

''भौम त्रयोदशि असित मधु, असी सात के जात। संत सिरोमनि सुखद गुरु, त्याग्यौ भव हर्षात? मंगल दिन मंगल अवध, मंगल सरयू नीर। मंगल तन मंगल महल, भेंट्यो सिय रघुवीर?

उन्होंने बताया कि स्वामी श्री गोमतीदास जी महाराज के धाम पधारने की तिथि से एक ही दिन के पश्चात प्रायः छत्तीस वर्ष बाद पूज्य महान्त श्रीरघुनन्दनशरण जी महाराज ने भी नित्यधाम की यात्रा की। सुना जाता है कि अपने देहत्याग से पूर्व अपने शिष्य महान्त श्रीवैदेहीरमणशरण जी को पीठासीन करते हुये उन्होंने कहा था कि सद्गुरुदेव से एक दिन बाद हम जायेंगे जिससे हमारा और उनका भण्डारा साथ-साथ हुआ करेगा। आज दोनों विभूतियों का समेकित भण्डारा है। सन्तों की परम्परा जन्मोत्सवधर्मी नहीं रही है। यह संसार जिससे जीवनपर्यन्त बचना है, इसमें आने का उत्सव कैसा ! उत्सव तो अपने प्राण-प्यारे प्रभु की नित्य-सन्निधि पाने का हो। वही परम्परा चलती है। धामगमन का उत्सव-भण्डारा।

# दिनदहाड़े दुकान में घुसकर मारपीट, वीडियो वायरल

**पुलिस बोली,दो दुकानदारों के बीच ग्राहकों को लेकर हुआ झगड़ा**

झांसी। एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक साड़ी की दुकान में कुछ लोग मारपीट करते नजर आ रहे हैं। यहां तक कि मारपीट करने वाले दुकान में काम करने वाली महिला को भी नहीं बख्शा। बताया जा रहा है कि यह वीडियो कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित शंकर दूध वाली गली में शैलजा साड़ी की दुकान का है। जहां बुधवार को दिनदहाड़े दबंगों का कहर टूटा। एक दर्जन से ज्यादा बदमाश दुकान में घुसे और दुकानदार व महिला कर्मचारियों की बेरहमी से पिटाई कर दी। इस बर्बर हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि दबंग महिलाओं को घसीट रहे हैं, दुकानदार को पीटा जा रहा है। दिनदहाड़े हुई इस भयावह घटना से इलाके में दहशत फैल गई है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि गुंडों का गिरोह स्कॉर्पियो से आया, दुकान में घुसते ही लात-घूंसे चलने लगे। किसी ने बचाने की कोशिश की, तो उसे भी पीटा गया। इस संबंध में सीओ सिटी स्नेहा तिवारी ने बताया कि थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत मानिक चौक क्षेत्र में कपड़े की दो दुकानों के व्यापारियों के मध्य ग्राहक को बुलाने को लेकर आपस में वाद-विवाद व मारपीट का प्रकरण प्रकाश में आया है। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा प्रकरण की जाँच कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।